
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



आदिशक्ति की आराधना का महापर्व....



बंगाल की भव्य पारंपरिक......

वर्ष : 11 | अंक : 273 | लखनऊ, 22 सितम्बर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जीएसटी सुधारों से होने वाले लाभ को व्यापारी से लेकर ग्राहकों तक को बताएं जनप्रतिनिधि : सीएम योगी



**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों से होने वाले लाभ को व्यापारी से लेकर ग्राहकों तक को बताएं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक कर जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण (22 सितंबर से 29 सितंबर 2025) की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी में किए गए सुधारों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को इसे प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि त्योहारी सीजन में व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता को इसका पूरा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान का संचालन सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री इस अभियान में शामिल होंगे। इसके अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री भी लगातार सात दिन तक इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी सांसद, मंत्री, विधायक, एमएलसी और पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में रोजाना 1-2 घंटे बाजारों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। जिलों में प्रभारी मंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उन्हें अभियान से जोड़ेंगे, ताकि यह पहल हर स्तर पर प्रभावी हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंट कर धन्यवाद दें। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को बताएं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुसार जीएसटी में सुधारलागू किया है।

## 'मातृशक्ति के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक', मुख्यमंत्री ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री शुभकामना संदेश में कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में मां दुर्गा की उपासना का प्राचीन काल से ही विशेष महत्व है। मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी और चराचर जगत की आदि शक्ति हैं। इनके अनगिनत स्वरूप हैं, लेकिन नवदुर्गा के नौ रूपों के माध्यम से ये जगत पर करुणा की वर्षा करती हैं। वर्ष में दो बार होने वाला नवरात्रि पर्व मातृशक्ति के प्रति देश की गहरी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि शारदीय नवरात्रि सभी के लिए शुभ और मंगलमय हो।

# सपा ने कसाइयों को दिया संरक्षण, भाजपा ने गाय को दिया सम्मानः ब्रजेश पाठक

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्र ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दल ने कसाइयों को सरंक्षण दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाय को सम्मान दिया। एक आधिकारिक बयान में पाठक ने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की बेचैनी काफी समय से देख रही है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री यादव भूल गए हैं कि सपा सरकार के समय अपराधियों को खुला संरक्षण मिला था और अवैध बूचड़खाने धड़ल्ले से चलते थे। पाठक ने आरोप लगाया, सपा सरकार में गौ माता का खुलेआम वध होता था और कसाइयों को सरकारी संरक्षण प्राप्त था। कसाइयों को संरक्षण देने वाली सरकार समाजवादी पार्टी की थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, गौ माता का संरक्षण करने और सम्मान देने वाली सरकार भाजपा की है। उन्होंने गोरखपुर जिले में 20 वर्षीय नीट अभ्यर्थी की हत्या मामले का जिक्र करते हुए कहा कि प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी वारदात के 24 घंटे के भीतर हो गई, जिससे सपा मुखिया की जमीन खिसक गई। पाठक ने दावा किया कि वोट बैंक की राजनीति के चलते अखिलेश यादव अपराधी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया : अखिलेश


**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है। सपा प्रमुख ने शनिवार देर रात अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। उन्होंने इसे स्पष्ट किया, भाजपा सरकार न मनचाहे टैरिफ से बचा पा रही है और न ही मनमानी वीजा फीस से। यादव ने दावा किया कि सरकार न तो पड़ोसी देशों से संबंधों को बचा पा रही है और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। उन्होंने पोस्ट में यह भी कहा, भाजपा सरकार प्रवासी भारतीयों को न तो हथकड़ी और जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से बचा पा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से बचाने में भी सरकार नाकाम है। सपा प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद पर सरकार किसी देश को भी साथ नहीं ला पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है।

# पीएम ने 'जीएसटी बचत उत्सव' का शुभारंभ किया

### नवरात्रि से 'आत्मनिर्भर भारत' का नया अध्याय

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्र को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने आगामी नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की घोषणा की, जो सोमवार 22 सितंबर से लागू होंगे। प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण कदम को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया और इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही, ये नए जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह उत्सव गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं और व्यापारियों सहित देश के हर वर्ग के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से लोगों की बचत बढ़ेगी और वे अपनी पसंद की चीजें आसानी से खरीद पाएंगे, जिससे त्योहारी मौसम में सभी के चेहरों पर खुशी आएगी। उन्होंने इन सुधारों के लिए सभी देशवासियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि ये सुधार भारत की आर्थिक प्रगति को गति देंगे, व्यापार को आसान बनाएंगे और हर राज्य को विकास की दौड़ में समान भागीदार बनाएंगे।

### पीएम ने जीएसटी को एक सतत सुधार की प्रक्रिया बताया

प्रधान मंत्री ने 2017 में लागू हुए मूल जीएसटी सुधारों को याद किया, जिसने देश को दशकों से चले आ रहे जटिल कर जाल से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद, उनकी सरकार ने सभी हितधारकों और राज्यों से चर्चा कर जीएसटी को प्राथमिकता दी, जिससे यह ऐतिहासिक कर सुधार संभव हो पाया। पीएम ने कहा कि सुधार एक सतत प्रक्रिया है, और वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पेश किए जा रहे हैं। इन नए सुधारों के तहत, जीएसटी की केवल दो प्रमुख दरें 5% और 18% लागू होंगी, जिससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं अधिक सस्ती हो जाएंगी।

### पीएम आत्मनिर्भरता और स्वदेशी पर जोर दिया

अपने संबोधन में, प्रधान मंत्री ने एक बार फिर 'आत्मनिर्भर भारत' के मंत्र पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम को 'स्वदेशी' के मंत्र से ताकत मिली, उसी तरह देश की समृद्धि को भी स्वदेशी से ही शक्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे उत्पाद खरीदें जो 'मेड इन इंडिया' हों, जिनमें देश के युवाओं की मेहनत लगी हो। उन्होंने कहा कि हर घर और हर दुकान को स्वदेशी का प्रतीक बनना चाहिए।

**संक्षिप्त समाचार**

## गायक जुबिन गर्ग का पार्थिव शरीर सिंगापुर से दिल्ली लाया गयाः अधिकारी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग का पार्थिव शरीर शनिवार मध्यरात्रि को सिंगापुर से यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जुबिन की शुक्रवार को सिंगापुर में बिना जीवनरक्षक जैकेट के समुद्र में तैरते समय मौत हो गई थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने हवाई अड्डे पर गायक का पार्थिव शरीर प्राप्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा और राष्ट्रीय राजधानी में तैनात असम सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जुबिन का पार्थिव शरीर एअर इंडिया की उड़ान से सिंगापुर से दिल्ली लाया गया और मार्गेरिटा के साथ एक विशेष विमान से गुवाहाटी ले जाया जाएगा। जुबिन का पार्थिव शरीर रविवार सुबह गुवाहाटी पहुंचने और फिर उनके आवास पर ले जाए जाने की उम्मीद है।

## मार्च 2026 से पहले 5,500 सहायक प्रोफेसर की भर्ती की जाएगीः महाराष्ट्र सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने शनिवार को कहा कि राज्य के प्रमुख कॉलेजों में मार्च 2026 से पहले 5,500 सहायक प्रोफेसर की भर्ती की जाएगी। पाटिल नांदेड़ में स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रमुख कॉलेजों में सहायक प्रोफसर के 5,500 पदों और 2,900 गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि वित्त और योजना विभाग, दोनों ने अपनी सहमति दे दी है।

# ज्ञान वही है जो हमें अज्ञान, भय और बंधनों से मुक्त कर आत्मबल प्रदान करे : आनंदीबेन पटेल

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि ज्ञान वही है जो हमें अज्ञान, भय और बंधनों से मुक्त कर आत्मबल प्रदान करता है। राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय (सहारनपुर) का तृतीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा, ह्लज्ञान वही है जो हमें अज्ञान, भय और बंधनों से मुक्त कर आत्मबल प्रदान करता है ह्व उन्होंने कहा कि यह केवल डिग्रियों का उत्सव नहीं है, बल्कि ज्ञान के प्रति हमारी निष्ठा, सत्य की खोज और जीवन में उद्देश्यपूर्ण योगदान का संकल्प है। पटेल ने कहा कि सच्चे भारतीय होने का अर्थ केवल अपने अतीत पर गर्व करना नहीं है, बल्कि उस ज्ञान और परंपरा को अपने जीवन में उतारकर समाज एवं राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित करना है।

उन्होंने कहा, ह्लजब हम शिक्षा की बात करते हैं, तो हमें गर्व से कहना चाहिए कि भारत आज विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2014 में केवल 11 विश्वविद्यालयों के साथ विश्व रैंकिंग में शामिल भारत, आज 54 विश्वविद्यालयों के साथ पांच गुना प्रगति कर चुका है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लागू किए गए शैक्षिक सुधारों का प्रमाण है ह्व एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विद्यार्थियों को कुल 24,875 उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें से 66 प्रतिशत उपाधियां छात्राओं को तथा 34 प्रतिशत उपाधियां छात्रों को मिलीं। कुल 90 पदकों में से 66 पदक (73 प्रतिशत) छात्राओं ने तथा 24 पदक (27 प्रतिशत) छात्रों ने प्राप्त किए। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने कहा कि यह आंकड़ा केवल संख्या मात्र नहीं है, बल्कि उस उज्ज्वल भविष्य का संकेत है जिसमें छात्राएं शिक्षा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की नई मिसालें कायम कर रही हैं।


# संत कबीर नगर में तीन बेटियों की हत्या के दोषी पिता और उसके सहयोगी को आजीवन कारावास की सजा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

संत कबीर नगर, संत कबीर नगर जिले की एक अदालत ने अपनी तीन नाबालिग बेटियों की हत्या के आरोपी पिता और उसके एक सहयोगी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा ने शनिवार को आरोपी पिता सरफराज और उसके दोस्त नीरज मौर्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और दोनों पर 35-35 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में उन्हें तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। श्रीवास्तव ने बताया कि 31 मई 2020 को सरफराज अपने दोस्त मौर्य के साथ अपनी सात, चार और ढाई वर्ष की तीन बेटियों को इलाज के बहाने मोटरसाइकिल पर लेकर गया और धनघटा थाना क्षेत्र के बिरहालघाट के पास सरयू नदी में फेंककर उनकी हत्या कर दी।

# बीते 10 वर्षों में कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में 75 फीसदी कमी आईः शाह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में 75 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने दोहराया कि वामपंथी उग्रवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमलों और ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई गई है। शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर समाचार चैनल आजतक से बातचीत में कहा, देश में तीन प्रमुख हॉटस्पॉट थे-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद... मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में, तीनों हॉटस्पॉट में हिंसा में 75 प्रतिशत की कमी आई है। गृह मंत्री ने कहा कि अगर पूरी दुनिया में कोई भी संकट का प्रबंधन सीखना चाहता है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के कोविड प्रबंधन का अध्ययन कर सकता है। उन्होंने कहा, जब दुनिया भर की सरकारें कोविड के खिलाफ अकेले लड़ रही थीं, भारत में केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और 140 करोड़ नागरिक इस लड़ाई में एक साथ आए और इसी सामूहिक शक्ति के कारण हमें सफलता मिली। यह मोदी जी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हुआ।

## प्रौद्योगिकी का सही दिशा में और निडर तरीके से इस्तेमाल कानून प्रवर्तन में सुधार ला सकता है : फडणवीस

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का सही दिशा में और निडर तरीके से इस्तेमाल पुलिसिंग को अगले स्तर तक ले जा सकता है। पुलिसिंग से आशय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और कर्मियों द्वारा सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, अपराध को रोकने, कानूनों को लागू करने और सामुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए कार्यों और गतिविधियों से है। दक्षिण मुंबई स्थित महाराष्ट्र पुलिस मुख्यालय में भारतीय पुलिस फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फडणवीस ने सफेदपोश और डिजिटल अपराधों में वृद्धि के बीच पुलिस बल में चुस्ती लाने के लिए समय-समय पर बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

# जगन्नाथ मंदिर में अधिकारियों, सेवकों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगेगाः एसजेटीए

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, ओडिशा में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने पुरी मंदिर में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और सेवादारों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह फैसला शनिवार शाम को मंदिर की छत्तीसा निजोग की बैठक में लिया गया। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद कुमार पाधी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पहले चरण में मंदिर में पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा तथा बाद में इसका विस्तार सेवादारों तक भी किया जाएगा। पाधी ने कहा, किसी भी आपात स्थिति या महत्वपूर्ण संदेशों के संचार के लिए अधिकारी निर्दिष्ट स्थान पर जाकर मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सकेंगे। मंदिर के अंदर किसी को भी मोबाइल फोन का खुलेआम इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी।

पाधी ने कहा कि मंदिर प्रशासन इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई अनुशासनहीनता में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुरी जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन या कोई अन्य कैमरा उपकरण ले जाने पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

# 136 हफ़्तों से लगातार गाँव-गाँव, जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं डॉ. राजेश्वर सिंह

**● लोकनीति का अर्थ सेवा – डॉ. राजेश्वर सिंह का अनूठा जनसंवाद अभियान 'आपका विधायक – आपके द्वार': सरोजनीनगर में विश्वास की नई राजनीति**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोकनीति का असली अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। इसी भावना के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हर रविवार को 'आपका विधायक - आपके द्वार' शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनते और समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्रामसभा बेहटवा में आयोजित 136वाँ 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसंवाद शिविर इस जीवंत लोकतांत्रिक परंपरा का साक्षी बना।

### जन समस्याओं का समाधान:

डॉ. सिंह मानते हैं कि 'जनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है।' इसी सोच के तहत शिविर में ग्रामीणों से मिली सोलर & स्ट्रीट लाइट, नाली-सड़क, पीएम आवास, पेंशन जैसी 31 आवश्यकताओं को तत्काल दर्ज किया गया और 4 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। उनके लिए यह केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को निभाने का प्रयास है।

### टीएस मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर:

डॉ. सिंह का स्पष्ट मानना है कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज की नींव रखते हैं। इसलिए हर जनसंवाद शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर जोड़ना उनकी परंपरा बन गया है। बेहटवा में टीएस मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित हेल्थ चेक अप एवं नेत्र चिकित्सा कैम्प में 50 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। यह पहल बताती है कि उनका दृष्टिकोण केवल बुनियादी ढाँचे तक सीमित नहीं, बल्कि मानव कल्याण तक विस्तृत है।

### गांव की शान – मेधावियों को सम्मान:

डॉ. सिंह युवाओं में प्रतिभा को समाज की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। 'यदि गाँव का मेधावी सम्मानित होगा, तो पूरी पीढ़ी प्रेरित होगी' इसी विचार से गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 मेधावियों 1.वैष्णवी वर्मा (90.83%), 2. अनुष्का राजपूत (77%), 3.रघुवंश यादव (75%), 4. कुणाल वर्मा को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### युवा शक्ति को खेल संसाधन:

डॉ. सिंह मानते हैं कि खेल अनुशासन, एकता और ऊर्जा का प्रतीक है। युवाओं को नशे और निराशा से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए आज 147वाँ एवं 148वाँ बॉय यूथ क्लब और 87वाँ गर्ल्स यूथ गठित हुआ। क्रिकेट अन्य खेलों जैसी खेल किट देकर उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि 'जो खेलता है वही खिलता है, और जो खिलता है वही देश को गढ़ता है।'

### सम्मान और समरसता:

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव, पार्षद राम नरेश रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और सम्मानित किए गए। ग्रामीणों को ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा व पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया।

डॉ. सिंह का विजन है कि सरोजनीनगर का हर नागरिक यह महसूस करे कि 'विधायक का कार्यालय किसी इमारत में नहीं, बल्कि जनता के द्वार पर है।' यही कारण है कि टीम के सदस्य पिछले 136 हफ़्तों से लगातार गाँव-गाँव जाकर जनसंवाद कर रहे हैं। यह अभियान केवल संवाद नहीं, बल्कि विश्वास की नई राजनीति है - जहाँ जनता की आवाज सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुँचती है।

## मैनेजर ने मालिक के साथ की धोखाधड़ी, 1.92 लाख रुपये का माल गायब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ व्यापारी ने अपने ही कर्मचारी पर धोखाधड़ी और चोरी का गंभीर आरोप लगाया है। तहरीर देते हुए हर्ष रूंगटा ने बताया की उनकी दुकान 'अंग्रेजी मर्डल शॉप' की है जो हैवतमऊ मवाईया, रायबरेली रोड पर स्थित है। यहां पर शिवम जायसवाल पुत्र सतीश कुमार जायसवाल, निवासी वसीरतगंज, लखनऊ, 1 अप्रैल 2025 से मैनेजर के पद पर कार्यरत था। व्यापारी के अनुसार 2 सितंबर 2025 को दुकान का स्टॉक मिलान कराया गया, जिस दौरान शिवम ने गलत पर्चा बनाकर दिया। जांच में 37 हजार रुपये का स्टॉक कम निकला। इस पर शिवम ने रकम लौटाने का वादा किया और 5 सितंबर तक 18 हजार रुपये लौटा भी दिए। लेकिन व्यापारी को शक हुआ कि घाटा और भी ज्यादा है। इसके बाद 7 सितंबर से शिवम ने दुकान पर आना बंद कर दिया व मोबाइल भी बंद कर दिया। 10 सितंबर को जब पूरी जांच कराई गई तो पाया गया कि कुल 1,92,000 रुपये का स्टॉक कम निकला आरोप है कि शिवम जायसवाल ने धीरे-धीरे दुकान से माल गायब कर दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में शुरू कर दी है।

## उत्तर प्रदेश के युवाओं का विदेश में नौकरी करने का सपना होगा पूरा, सरकार ने किया खास इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं के लिए अब सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से विदेश में रोजगार पाने का रास्ता आसान हो जाएगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने विदेश मंत्रालय में आरए (रिक्रूटमेंट एजेंसी) लाइसेंस के लिए आवेदन कर दिया है। विभाग को यह लाइसेंस जल्द मिलने वाला है। इसके बाद विभाग को सीधे युवाओं को विदेश भेजने, परामर्श देने और सुरक्षा मानकों की निगरानी का अधिकार मिल जाएगा। अभी तक विभाग निजी आरए एजेंसियों की मदद से युवाओं को विदेश में रोजगार दिलवाता था। पिछले वर्ष विभाग ने 5,978 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा था। इन श्रमिकों ने अब तक 1,400 करोड़ रुपये अपने परिवारों को भेजे हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और निर्माण श्रमिकों का विदेश जाने के प्रति रुझान बढ़ा। विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 25 हजार युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य तय किया है। इजराइल के अलावा जापान और जर्मनी जैसे देशों में भी नर्सिंग, निर्माण और अन्य तकनीकी क्षेत्रों में कुशल कर्मियों की बड़ी मांग है। आरए लाइसेंस मिलने के बाद यह प्रक्रिया तेज होगी। आरए लाइसेंस मिलने से युवाओं को निजी एजेंसियों के झांसे से छुटकारा मिलेगा और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। प्रमुख सचिव एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि विदेशों में किस तरह के रोजगार की मांग है, इसके लिए संबंधित देशों के दूतावासों से समन्वय किया जा रहा है। इस कड़ी में रोड शो, उद्योगों के साथ सहयोग और प्रतिनिधिमंडल भ्रमण पर भी सहमति बनी है।

## गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गाजा के युद्ध पीड़ितों की मदद के नाम पर करोड़ों रुपये की धन उगाही करने वाले तीन युवकों को आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र से गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों की पहचान मोहम्मद अयान पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी स्लाडर हाउस, भिवंडी, जैद नोटियार पुत्र अब्दुल कादिर निवासी शांति नगर, भिवंडी, ठाणे व अबू सुफियान पुत्र तजमुल्ल अंसारी निवासी गुलजार नगर भिवंडी महाराष्ट्र के रूप में हुई है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपित लंबे समय से आनलाइन अभियान चलाकर क्राउड फंडिंग के जरिए देश भर से करोड़ों रुपये एकत्र किए हैं। उत्तर प्रदेश से भी इन्हें लाखों रुपये की राशि लोगों ने भेजी है। लोगों से मिलने वाली राशि यह लोग अपने ही बैंक खातों के जरिए दूसरे बैंक खातों में स्थानांतरित कर रहे थे। तीनों आरोपितों ने बड़ी राशि को देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी इस्तेमाल किया है। एटीएस की टीमें इसकी जांच कर रही हैं।

## फांसी लगाकर पुजारी ने किया आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



मृतक रामविलास फाइल – फोटो

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते पुजारी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र ग्राम मीठेनगर निवासी रामविलास रावत (30) ने गांव के बाहर आम के बाग में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुजारी को पेड़ पर लटकता देखा तो दंग रह गए जिसकी सूचना तुरंत परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार से अलग रहकर मृतक रामविलास गांव के बाहर स्थित काली देवी भुईयां देवी मंदिर पर सुबह शाम पूजा अर्चना करता था। और वह नशे का आदी था।

मृतक के परिवार में चार भाई आशीष, मनीष, आकाश, विकास, एक विवाहित बहन है, जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## पुलिस से शिकायत कर लौट रहे परिवार पर जानलेवा हमला, एक की हालत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पारा के सूर्यनगर क्रॉसिंग के पास घर के सामने शराब पीने का विरोध करने से नाराज बदमाशों ने पुलिस से शिकायत के कर घर लौट रहे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। एक युवक के सिर की हड्डी तीन जगह से टूट गई है, जिसका निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। शिकायत पर पारा पुलिस ने 16 लोगों पर हत्या के प्रयास, मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों की तलाश जारी है। सूर्यनगर निवासी दीपक सिंह का आरोप है कि उनके घर के सामने कुछ लोग शराब पी रहे थे। टोकने पर आरोपितों ने परिवार से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद वह पुलिस से शिकायत करने गए थे। तहरीर के मुताबिक देर रात वह छोटे भाई अमित सिंह, मां मंजू, रोशनी, दोस्त राजेन्द्र उर्फ गुड्डू के साथ कार से घर जा रहे थे। रास्ते में सूर्यनगर क्रासिंग के पास घात लगाए बैठे कुलदीप यादव उर्फ काला, बब्बन यादव, शिवा ठाकुर, वीर यादव, उदयराज, अंशुल भारती, हिमांशु यादव, उदय यादव उर्फ राहुल, कातिया यादव, पदमान यादव, नागेंद्र यादव उर्फ गब्बर, अंकित सिंह, शुभम सिंह, मोहित जोशी, आदित्य तिवारी, विवेक पाल आए और अचानक से गाड़ी पर हमला कर दिया। वह कुछ समझ पाते इसके पहले ही गाड़ी में बैठे उनके छोटे भाई अमित सिंह को कुलदीप यादव, बब्बन यादव, शिवा सिंह, नागेंद्र यादव ने गाड़ी से खींचकर नीचे उतार लिया और लोहे की राड, बेल्चा व धारदार हथियार से हमला कर अधमरा कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो हमलावर धारदार हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घटना को लेकर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है। हमले में घायल अमित सिंह की हालत बेहद नाजुक बनी है, उनके साथी राजेंद्र सिंह को भी चोटें आई हैं। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर तीन टीम आरोपितों की तलाश में लगाई गई हैं।

## 33 केवीए अंडरग्राउंड लाइन में फॉल्ट, 18 घंटे से बिजली गुल

### मलिहाबाद उपकेंद्र की सप्लाई ठप, पेयजल संकट से त्राहि-त्राहि

**12 घंटे बाद पहुंची फॉल्ट लोकेटर मशीन**

**ज्वाइनडर मशीन रात 11 बजे के बाद मौके पर**

**चार उपकेंद्र होने पर भी स्थायी मशीन उपलब्ध नहीं**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच रविवार को मलिहाबाद क्षेत्र की जनता 18 घंटे तक बिजली और पानी के संकट से जूझती रही। सुबह सात बजे ट्रांसमिशन से मलिहाबाद बिजली उपकेंद्र को आने वाली 33 केवीए लाइन में रहीमाबाद थाने के पास अचानक फॉल्ट हो गया। इसके बाद आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और देर रात तक बहाल नहीं हो सकी।



ज्वाइंड सही करते बिजली कर्मचारी

### गांव और कस्बों में हाहाकार

बिजली गुल होने से मलिहाबाद तहसील, मिजार्गंज, मानखेड़ा, चांदपुर फीडर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों व गांवों में अंधेरा पसरा रहा। पानी की टंकियां खाली हो गईं और महिलाओं-बच्चों को सबसे अधिक दिक़्कतों का सामना करना पड़ा।

### लापरवाही पर भड़के उपभोक्ता

स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आपूर्ति बहाल होने में इतनी देर हुई। सुबह फॉल्ट होने के बाद भी लोकेटर मशीन 12 घंटे देर से मौके पर पहुंची। इसके बाद जब खराबी का पता चला तो ज्वाइनडर लगाने वाली मशीन और तकनीकी कर्मचारी रात 11 बजे के बाद मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि मलिहाबाद में चार उपकेंद्र होने के बावजूद यहां स्थायी रूप से फॉल्ट लोकेटर मशीन उपलब्ध क्यों नहीं रहती, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। वैकल्पिक व्यवस्था से कुछ देर तक कुछ फीडरों को बिजली सप्लाई दी गई। जिससे उपभोक्ताओं ने कुछ समय तक राहत की सांस ली। इस संबंध में मलिहाबाद डिवीजन के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 33 केवीए लाइन में अंडरग्राउंड खराबी आई थी। मरम्मत कार्य जारी है और जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## ठगी पीड़ितों की आवाज संगठन ने की जमाकर्ताओं के हक की लड़ाई तेज



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।ठगी पीड़ितों की आवाज संगठन ने रविवार को वित्तीय कंपनियों द्वारा जमा कराए गए धन को वापस दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि विभिन्न कंपनियों ने लालच देकर करोड़ों लोगों से धन जमा कराया, लेकिन अधिकांश कंपनियां जमाकताओं का पैसा लेकर फरार हो चुकी हैं। रमेश सिंह ने बताया कि जमाकर्ता वर्षों से अपने पैसे वापस पाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। सरकार ने 'द बर्निंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम एक्ट 2019' के तहत कानून बनाया और राज्य के हर जिले में आवेदन भी लिए गए, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संगठन अब व्यापक आंदोलन की तैयारी में है और जमाकताओं को एकजुट कर रहा है। रमेश सिंह ने कहा, ₹हमारा संगठन तब तक संघर्ष जारी रखेगा, जब तक जमाकताओं का पैसा वापस नहीं मिल जाता।₹ बैठक में जिला अध्यक्ष समरजीत, करन कुमार, संजय कुमार सहित अन्य जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## बुद्ध की धरती पर वापस आए उनके अवशेष, उत्तर प्रदेश में बढ़ेंगी सांस्कृतिक पर्यटन की संभावनाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एक बार फिर वैश्विक बौद्ध धरोहर के केंद्र में आ गया है। 127 वर्षों बाद पवित्र पिपरहवा अवशेष, जो सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा स्तूप से 1898 में खोजे गए थे, भारत वापस लौट आए हैं। औपनिवेशिक काल में विदेश ले जाए गए ये अवशेष मई 2025 में हांगकांग की एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी में रखे गए थे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और गॉदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के संयुक्त प्रयास से नीलामी रुकवाई गई और 30 जुलाई 2025 को इन्हें भारत वापस लाया गया।



### जल्द होगा सार्वजनिक प्रदर्शन

पिपरहवा अवशेषों की वापसी सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की भूमि के उस गौरवशाली इतिहास की पुनः स्थापना है, जिसने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से पूरी दुनिया को आलोकित किया। इन अवशेषों का सार्वजनिक प्रदर्शन शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध धरोहर का केंद्र बनाने और राज्य की सांस्कृतिक पर्यटन संभावनाओं को नई ऊंचाई देने वाला साबित होगा।

### उत्तर प्रदेश: बुद्ध की धरोहर

सिद्धार्थनगर का पिपरहवा स्तूप, जहां भगवान बुद्ध के अवशेष खोजे गए; वाराणसी का सारनाथ, जहां उन्होंने प्रथम उपदेश दिया और कुशीनगर, जहां उन्होंने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया—यह पावन त्रिकोण उत्तर प्रदेश को विश्वभर के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ा और अद्वितीय तीर्थस्थल बनाता है। उत्तर प्रदेश की पावन धरती भगवान बुद्ध की तपोभूमि है। पिपरहवा अवशेषों की घर वापसी न केवल भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक महत्ता को भी पुनः स्थापित करती है। यह प्रदेश आज भी पूरी दुनिया को शांति, करुणा और सहअस्तित्व का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 127 वर्षों बाद भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भारत वापसी का स्वागत किया था और इसे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक गर्व का क्षण बताया था।

### अवशेषों का महत्व

इन अवशेषों में भगवान बुद्ध की अस्थियां, क्रिस्टल की पेटिकाएं, स्वणार्भूषण और रत्न, बलुआ पत्थर का संदूक शामिल हैं। ब्राह्मी लिपि के अभिलेख इन्हें सीधे शाक्य वंश से जोड़ते हैं।

## शेयर में मुनाफे के नाम पर ठगी, व्यवसायी समेत तीन लोगों से ठगे 2.90 करोड़ रुपये

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने शेयर, क्रिप्टो करेंसी और मोटे मुनाफे का झांसा देकर व्यवसायी समेत तीन लोगों से लगभग 2.90 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने कार्रवाई की मांग करते हुए साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमती नगर के विश्वास खंड निवासी व्यवसायी संगम प्रसाद ने बताया कि 24 मार्च 2025 उनके पास व्हाटसएप पर बेंगलुरु स्थित फायर सिक्योरिटी कंपनी के असिस्टेंट शरण त्रिवेदी ने मैसेज किया। उसने शेयर में मुनाफा कमाने की बात कही और कुछ लोगों के बारे में भी बताया जो कंपनी में निवेश कर लाभ कमा चुके थे। ठग की बातों में आए संग्राम ने जालसाज के बताए खाते में कई किस्तों पर 2.12 करोड़ रुपये भेज दिए। इसके बाद आरोपित ने एक लिंक भेजा। लिंक से एप इंस्टाल करने पर उसमे मुनाफे की




रकम 13 करोड़ रुपये दिखने लगी। उन्होंने रकम निकालनी चाही तो रकम नहीं निकली और कमीशन मांगा गया। पीड़ित ने फिर 56 लाख रुपये कमीशन भेज दिए। इसके बावजूद उन्हें रकम नहीं मिली। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगंज के चांद गंज निवासी व्यापारी सीमा आईल दासानी ने बताया कि जालसाजों ने टेलीग्राम एप से उनसे संपर्क किया। इसके बाद क्रिप्टो करंसी में निवेश और मुनाफे का झांसा देकर बातों में फंसाकर कई बार में 11 लाख रुपये जमा करा लिये। मुनाफे की रकम मांगने पर उन्हें ग्रुप से हटा दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि शिकायतों पर मुकदमा दर्ज कर खातों की जानकारी निकलवाई जा रही है।

### टास्क पूरा करने के नाम पर ठगे रुपये

अलीगंज की इच्छा अपार्टमेंट निवासी श्वेता गिरी ने बताया कि 26 जुलाई को इंटरनेट पर उन्होंने स्वीट ट्रेंड कंपनी का प्रचार देखा। उन्होंने दिए गए लिंक पर क्लिक किया तो एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गई। इसके बाद टास्क पूरा करने का झांसा देकर उनसे 11.85 लाख रुपये ठग लिए गए। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की है।

## राजकीय बीज भंडारों पर पहुंचा सरसों अन्य फसलों के मिनीकिट बीज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृषि विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह द्वारा बताया गया कि नवंबर माह में रवि व अन्य फसलों की बोआई शुरू होने जा रही है। जिले के किसान इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। जिन खेतों में धान की फसल खेतों में पकने की कगार पर उनमें नवम्बर के महीने में पलेवा किया जाएगा। राजकीय कृषि बीज भंडार माल व मलिहाबाद पर चना, मटर, राई /सरसों मसूर की पांच कुंतल के दो किलो वजन के 250 मिनी किट और अन्य बीजों के भी मिनी किट भी बीज भंडार पर उपलब्ध है। जल्द ही गेहूं का बीज भी राजकीय बीज भंडार पर होगा उपलब्ध। जिले में मुख्य रूप से रवि की फसलों में गेहूं, राई सरसों, मटर, चना और मसूर बोई जाती है। इनमें सबसे ज्यादा गेहूं और सरसों बोई जाती है। धान की फसल कटने के बाद किसान इसकी तैयारियों में जुट जाते हैं। इस समय अधिकतर खेतों में धान की फसल पक रही है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि मलिहाबाद और माल में भारी मात्रा में मिनीकिट निशुल्क बीज उपलब्ध है। जिससे किसान अपनी पंजीकरण आईडी से ऑनलाइन कराकर इसका लाभ अपने बीज भंडार से उठा सकता है। मलिहाबाद में जहां सरसों राई, मटर, चना, मसूर का बीज और उसके मिनीकिट पहुंच गए हैं। किसानों को सरसों के बीज के मिनीकिट निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीज भंडार पर सरसों व अन्य फसलों का बिक्री वाला भी बीज उपलब्ध है।

## सामाजिक व आर्थिक तरक्की के लिए एकजुटता जरूरी : रंजीत रावत

**प्रबुद्धजनों की बैठक में संगठन खड़ा करने का लिया गया निर्णय**

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** बंथरा नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत रावत ने कहा कि देश में राजपाट संभालने वाला पासी समाज अपने बिखराव के चलते हासिये पर है। समाज में बुद्धजीवी वर्ग के साथ ही अच्छे नेताओं के मौजूद होने के बाद भी पासी समाज अपना नेता नही चुन सका है। उन्होंने कहा कि सामाजिक व आर्थिक तरक्की के लिए पासी समाज को एकजुट होकर काम करना होगा। श्री रावत रविवार को बंथरा में आयोजित पासी समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक को संबोधित कर रहे थें। बैठक में विचार साझा करते हुए समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि राजधानी में कई संगठन काम कर रहे है, लेकिन दलगत राजनीति के कारण समाज के सभी वर्गों को उसका लाभ नही मिल पा रहा है। कुछ संगठन खड़े हुए और नेताओं ने उनका लाभ लेने के बाद छोड दिया। इसलिए गैर-राजनीतिक संगठन का गठन किया जाए। जिसके माध्यम से समाज में शिक्षा, जागरूकता, आर्थिक मजबूती और समाज को जोड़ने का काम किया जाए। पासी समाज के प्रबुद्धजनों की इस बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि इस संगठन में सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को सदस्यता दी जाएगी, लेकिन बैठक के दौरान किसी भी राजनीतिक दल पर चर्चा नही होगी। इस बैठक में ग्राम प्रधान दीनानाथ रावत, पूर्व प्रधान विशम्भ दयाल रावत, शंकर रावत एवं राजकुमार रावत व महाराजा बिजली पासी कल्याण संगठन के अध्यक्ष सुंदर लाल रावत व प्रबंधक मुकेश कुमार रावत, पत्रकार मिथलेश कुमार रावत, सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी, डा0 ओम प्रकाश रावत, पार्शद आशीश कुमार, प्रदीप कुमार रावत, वीरेन्द्र रावत, संदीप कुमार रावत, राजेश कुमार रावत, अर्जुन रावत, राहुल रावत, सुभाश रावत, ललित कुमार, सुबोध रावत, राम किशोर, हिमांशु रावत, सुनील कुमार, अरुण कुमार, पिंटू रावत, संदीप कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

## ऑटो रिक्शा सवार महिला के बैग से 6 लाख के आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना से ऑटो रिक्शा से तेलीबाग के रास्ते जबरैला जा रही दो महिलाओं के बैग से 6लाख रुपए के आभूषण चोरी हो गए, महिलाओं को इसकी जानकारी तब हुई जब उन्होंने किराया देने के बैग देखा तो उसकी चेन खुली हुई थी और आभूषण गायब थे पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दायर कर जांच पड़ताल कर रही है।




आशा पाण्डेय, और राधिका पाण्डेय सेक्टर आई, मकान नंबर 1047 आशियाना में रहती हैं, उन्होंने बताया कि वह दोनों ऑटो रिक्शा से अपने गांव जबरैला थाना असोहा उन्नाव जा रही थी। उनका कहना है तेलीबाग शनि मंदिर तक बैग में सामान सुरक्षित था। उसके बाद शनि मंदिर से कल्ली पश्चिम के बीच में किराया देने के लिए बैग देखा तो उसकी चैन खुली हुई थी। और उसमें रखा हुआ अभूषण वाला थैला नही था। जिसमें सोने की 3 चेन, झुमकी 3 जोड़ी, बाल 4 दो मंगल सूत्र, पायल 6 जोड़ी, कमर की करधनी 1, थी। पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## संक्षेप

### गश्त के दौरान तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था काम रखने हेतु भ्रमण के दौरान तीन युवकों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा जो अपना नाम चंद्रकेश पटेल पुत्र सीताराम अमरेश कुमार पुत्र श्यामलाल सुशील कुमार उर्फ राजू पुत्र फूलचंद सभी थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के निवासीगण हैं इनके खिलाफ पहले से ही थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ में अपराधिक मुकदमा पंजीकृत हैं इस गैंग का गैंग लीडर चंद्रकेश पटेल पुत्र सीताराम वर्ष निवासी ग्राम देहरी जमालपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ जो अपने साथियों को साथ गिरोह बंद करके लूट चोरी जालसाजी अवैध शस्त्र जैसे कार्य करते हैं जिनके खिलाफ लोग भयभीत है कोई गवाही या प्रार्थना पत्र देने के लिए तैयार नहीं होता है पुलिस ने तीनों के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए सक्षम न्यायालय में भेज दिया गया

### जमीन में कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

पाटन उन्नाव !थाना बिहार क्षेत्र के ताजकपुर मजरे कलानी निवासिनी गोमती देवी पत्नी स्व० राजेश ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी भूमिधरी जमीन पर सोमवार को गाँव की सरिता पत्नी सुशील कुमार व सुनील पुत्र विश्वनाथ, सुशील विश्वनाथ व मनीश पुत्र विश्वनाथ जबरन कब्जा कर रहे थे। पता चलने जब मैं वहाँ गई तो मुझे गन्दी 2 गालिया देकर सुनील, मनीश पुत्र विश्वनाथ ने मुझे लात घूसों से मारा व पीटा साथ में कलावती पत्नी विश्वनाथ ने मारा व पीटा मुझे अन्दूरुनी चोटो आयी ।गाँव वालों के बीच बचाव करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर नामित लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अज्ञात लोडर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

पुरवा, उन्नाव ।थाना मौरावां क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पाण्डेय पुत्र मजरे जेरा निवासी जय नारायण 28 पुत्र नन्हकू सब्जी का धंधा करता है ।उसने रविवार की दोपहर उन्नाव की सब्जी मण्डी से सब्जी खरीद कर लोडर से गांव ला रहा था ।और वह लोडर पीछे पीछे और उसके पीछे उसका चचेरा भाई सुनील अपनी अपनी मोटर साइकिल से चल रहे थे ।जहां तुसरौर- छूलामऊ के मध्य पहुंचते ही सामने से अज्ञात लोडर ने जय नारायण की मोटर साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा ।तभी पीछे से आये चचेरे भाई ने परिजनों व एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे फौरन ईलाज को एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी लेकर भागे ।जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया ।जिससे मां कुंवारा, पत्नी रंजना व भाई रामकुमार आदि परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचायतनामा बाद पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

# पति-पत्नी के 26 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी


**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जय प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन/ अध्यक्षता में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन उन्नाव में विधिवत रूप से विवादित जोड़ो की सुनवाई की गयी जिसमें परिवार परामर्श केन्द्र में नव आगन्तुक पुलिस अधीक्षक जी का आगमन हुआ और परिवार परामर्श केन्द्र समीति प्रभारी डॉ0 आशीष श्रीवास्तव ने सभी सलाहकारो से पुलिस अधीक्षक महोदय से परिचय प्राप्त कराया गया तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी के कार्यो की सराहना की।सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। परिवार परामर्श केन्द्र से 06, महिला थाना से 06, थाना गंगाघाट से 03, थाना अचलगंज, थाना कोतवाली सदर, थाना सोहरामऊ से 02-02, थाना आसीवन, थाना बारासगवर, थाना बांगरमऊ, थाना फतेहपुर चौरासी, थाना पुरवा से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 शशीरंजना अग्निहोत्री, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डॉ0 एस. के पाण्डेय, अबरार हुसैन संजय चौरसिया, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद एवं सहयोगी सलाहकार से शिवेन्द्र चौहान, स्वास्तिक मिश्रा एवं पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मधू श्रीवास्तव, उप निरीक्षक मिथलेश, साधना, अंशू रानी, चिंतन प्रीती, प्राची चौहान शीलू पाल पूजा पाल, रीतू, नीतू, पूजा यादव, शकुतला, पूजा चौधरी, दीपा सिंह, अर्चना का विशेष योगदान रहा।

# पितृपक्ष के अंतिम दिन गंगा तट पर श्रद्धालुओं की रही भीड़

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। धार्मिक नगरी शुक्लागंज में पितृपक्ष का अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही गंगा घाटों पर स्नान और तर्पण के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बालूघाट, गंगाघाट, गंगा विष्णु, हनुमान घाट और परशुराम घाट पर श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे। पुरुषों ने कुश और तिल जल में अर्पित कर तर्पण किया। महिलाओं ने आटे और तिल के पिंड तैयार कर पितरों को अर्पित किए।स्थानीय ब्राह्मणों और पुरोहितों ने घाटों पर श्रद्धालुओं को विधि-विधान बताए। उन्होंने संकल्प दिलाकर तर्पण संपन्न कराया। धार्मिक मंत्रोच्चार से घाटों का वातावरण गूंजायमान रहा। मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के अंतिम दिन किया गया तर्पण समस्त पितरों को तृप्ति और मोक्ष दिलाता है। यह श्राद्धकर्म पितरों के साथ-साथ जीवित परिवार के कल्याण के लिए भी शुभ माना जाता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पितृपक्ष हर परिवार के लिए आत्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है।

### किशोरी हुई लापता मां ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने पर पीड़ित माँ ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित माॅ ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर से चली गयी है। माँ ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे दूर के रिस्तेदार हिमांशू सिंह पुत्र डबलू सिंह निवासी ग्राम अमिया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ने मेरी पुत्री को सोमवार दोपहर उस समय बहला फुसला कर भगा ले गया जब वह घर पर नही थी। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कही कोई अता पता नही चल सका। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर नामित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुत्री के खोजबीन के प्रयास शुरू कर दिए गए है।

# सड़क हादसे में सास-बहू की मौत ,पोते की हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सधीरा गांव के निकट एक ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सास बहु की मौत हो गई। वही बेटे की हालत भी नाजुक है। परिजन निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे हैं ।माखी थाना क्षेत्र के मर्दन खेड़ा मजरा रुपऊ निवासी संदीप पुत्र रघुबीर अपनी दादी फूला पत्नी पुत्तू और मां शकुंतला को दवा दिलाने के लिए रविवार को बाइक से लेकर हसनगंज गया था। वापसी में अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सधीरा के पास एक ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस मां बेटे को अपने वाहन से जिला अस्पताल ले गई। वही सास को एंबुलेंस ने नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में फूला की मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं नाजुक हालत के चलते मां बेटे को जिला अस्पताल से रेफर किया गया तो परिजन निजी अस्पताल में इलाज कराने ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में शकुंतला उर्फ रामश्री की भी मौत हो गई। घायल संदीप को परिजनों ने गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर सीएचसी पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसे की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे दामाद संतोष ने बताया की संदीप अपनी मां और दादी को लेकर दवा दिलाने गया था। रास्ते में हादसा हो गया। जिसमें सास फूला और शकुंतला की मौत हो गई।

# अमावस्या पर गंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अमावस्या के अवसर पर रविवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। तड़के से ही लोग परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए पहुंचे। गंगाघाट और शुक्लागंज समेत विभिन्न घाटों पर धार्मिक माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य कर पितरों की शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की। हिंदू धर्म में अमावस्या का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए स्नान करती रहीं। बच्चों और बुजुर्गों में भी गंगा स्नान का उत्साह दिखा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया ।प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था की और जगह-जगह पीने का पानी उपलब्ध कराया। पुलिस और होमगार्ड के जवान घाटों पर तैनात रहे। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ दान का महत्व बताया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। अमावस्या स्नान के बाद श्रद्धालु नवरात्र की तैयारियों में जुट गए हैं। आस्था से भरा यह पर्व गंगा तट को भक्ति भाव से सराबोर कर गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर लहूलुहान हालत में मिला किशोरी का शव

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सरोसी गांव में देर शाम एक दलित 14 वर्षीय किशोरी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लहूलुहान हालत में घर के अंदर पड़ा मिला ये देख पिता के होश उड़ गए घटना के समय किशोरी घर में अकेले थी पिता बकरी लेकर जंगल की ओर गया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की कोतवाली सदर क्षेत्र के सरोसी गांव निवासी अरुण रैदास अपनी दो पुत्रियों के साथ मेहनत मजदूरी कर पेट पालता है उसकी पत्नी व एक पुत्र की पहले मौत हो चुकी है बड़ी पुत्री अपनी मौसी के घर गई है घटना के समय घर में 14 वर्षीय पुत्री हनी थी युवक बकरी लेकर खेतों की ओर चला गया जब देर शाम जब वो घर लौटा तो घर के अंदर हनी का शव लहूलुहान हालत में देख उसके होश उड़ गए ये देख वो दहाड़े मार कर रोने लगा आवाज सुन मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया सूचना पर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल की कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी किशोरी की मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं होती रही।

# मां की अगवानी के लिए सज गए घर-मन्दिर-पंडाल, आज होगी मूर्ति स्थापना

**अमन लेखनी समाचार**

पाटन, उन्नाव। आद्य शक्ति मां अम्बे की अगवानी के लिए क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों की साफ-सफाई के बाद रंग-रोगन कर मनमोहक सजा कर अंतिम रूप दिया जा चुका है। सोमवार से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र के लिए क्षेत्र के विभिन्न देवी मन्दिरो में उत्साहपूर्वक बड़े जोर-शोर के साथ तैयारियों को अन्तिम रूप एक दिन पहले से ही दिया जा चुका है। देवी मन्दिरो में साफ सफाई के साथ आकर्षक ढंग से सजावट का कार्य पूरा कर क्षेत्र में कहीं पर मूर्ति स्थापना, देवी जागरण, जवाबी कीर्तन, भजन संध्या जैसे धार्मिक आयोजनों की रूप रेखा को पहले से ही अनेकानेक संसाधन जुटाकर अन्तिम रूप दे दिया गया है।

बक्सर मां चण्डिका देवी मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित विजय तिवारी ने बताया कि नवरात्र में माँ देवी दुर्गा की आराधना विशेष विधि विधान से करने पर तात्कालिक फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र के प्रथम दिन महाशक्ति माँ देवी के नौ स्वरूपों में से एक माँ शैलपुत्री की आराधना के संग ही नवरात्र महापर्व का आज से शुभारम्भ हो जाएगा। इसके बाद क्रमशः माँ जगदम्बे के अन्य स्वरूपों में ब्रम्हचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री देवी मां की पूजा अर्चना की जाएगी। कलुषता दूर करने वाली यह माता परम्तेजस्वी है। भूत और भविष्य दोनों के ही संताप दूर करने वाली है। मानव को सत से असत की ओर उन्मुख करने वाली यह ममतामयी माता शरणागत की रक्षा करने वाली है। हर साल चैत्र व क्वार माह के नवरात्र में आस्था एवं विश्वास के प्रतीक बक्सर धाम में स्थित माँ चण्डिका-अम्बिका देवी के दर्शन के लिए सुदूर प्रान्तों एवं जनपदों से भक्तो का जनसैलाब नवरात्र प्रारम्भ होने के प्रथम दिन से ही हजारो की संख्या में उमड़ने लगता है। इन शुभ दिनों में जो भी भक्त आद्य शक्ति मां चण्डिका-अम्बिका के दरबार मे माथा टेककर पूजा अर्चना करता है मां देवी अरदास सुनकर सहर्ष मन मुराद पूरी करती है। क्षेत्र के अन्य देवी मन्दिरो में मां बेहेशरानी व माता संतोषी मन्दिर धानीखेड़ा, माँ दुर्गा मन्दिर रायपुर, माँ कालिका मन्दिर रताखेड़ा-रसूलपुर, माँ काली मन्दिर बारा आदि क्षेत्रीय पौराणिक देवी स्थलों में भी नवरात्र के प्रथम दिन से ही भक्तों का अपार जनसमूह उमड़ता दिखायी देता है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध महिला का शव

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव दारा पुर निवासी एक महिला का शव काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग के किनारे बहादुर खेड़ा गांव के पास एक पेड़ से रविवार को फांसी के फंदे से लटकता मिला। जिसे देखकर हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना मिलने पर परिजनों ने पहुंचकर शव की पहचान की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव दारा पुर निवासी महिला लगभग साठ वर्षीय कमला देवी शनिवार को

किसी बात से नाराज होकर घर से निकली थी। जब काफी देर वापस नहीं आई तो खोजबीन शुरू हुई लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार को खोजबीन के दौरान कालीमिट्टी दबौली मार्ग के किनारे कमला का शव गाँव बहादुरखेड़ा के पास एक खेत में खड़े पेड़ में धोती के फंदे से लटका मिला।

मृतका के पति रामासरे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी कमला बात बात पर नाराज होती थी। पत्नी ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है।

मृतका के तीन बेटे एक बेटी है ।सभी विवाहित हैं। कमला की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल है।

# पीतल के बर्तन समेत सोने चांदी के जेवरात चोरों ने किया पार



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर गांव में देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कमरे में रखा बक्शा तोड़कर उसमें रखे पीतल के बर्तन सहित बक्शे के नीचे जमीन में दबे सोने चांदी के जेवर खोदकर पार कर ले गए। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी श्याम सुन्दर पुत्र भीखा बीते शनिवार शाम अपने परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपनी पत्नी केशकली और बच्चों के साथ घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे ।रविवार सुबह पीड़ित की पत्नी केशकली घर के अन्दर कमरे में जाकर देखा तो बक्शा टूटा पड़ा था और सारा सामान बिखरा पड़ा देख दंग रह गई ।चोरी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ।परिजनों के अनुसार चोरों ने बक्शे में रखे पीतल के बर्तन और बक्शे के नीचे जमीन में दबे एक लाख कीमत के सोने चांदी के जेवर खोदकर पार कर ले गए ।सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया है ।सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया घटना संदिग्ध लग रही गहनता से जांच की जा रही है ।जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# ओवरब्रिज निर्माण के दौरान मजदूर के पेट में घुसी सरिया, हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अजगैन में ओवरब्रिज निर्माण के दौरान मजदूर गिर गया। जिससे उसके पेट में सरिया घुस गई। घायल अवस्था मे उसे स्वास्थ केन्द्र लाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

अजगैन रेलवे क्रासिंग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ओवरब्रिज के नीचे नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां अजगैन कोतवाली के छेड़नी खेड़ा गांव निवासी राजू पुत्र सरदार 40 वर्ष काम कर रहा था। राजू मसाला लेकर जा रहा था। तभी उसका पैर मिट्टी से फिसल गया। और वह नाले में निकली सरिये पर जा गिरा। जिससे सरिया उसके पेट मे घुस गई। घायल अवस्था मे उसे ऐम्बुलेंश से नवाबगंज स्वास्थ केन्द्र लाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# स्वास्थ्य शिविर का एसडीएम ने किया शुभारंभ



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के नेवलगंज गांव में स्थित सुन्दर लाल पब्लिक इंटर कॉलेज में रविवार को दिव्य प्रगति सेवा संस्थान के बैनर तले पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने किया,जिसमे लखनऊ जिले से एक निजी अस्पताल से डॉक्टर राकेश, वीरेंद्र डाक्टरों ने महिलाओं बच्चों की जांच कर निः शुल्क दवा वितरण की साथ ही 66 महिलाओं पुरुष मरीजों के मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित किया ,दिव्य प्रगति सेवा संस्थान की उपाध्यक्ष पूजा ने बताया कि कार्य दाई संस्था समय-समय पर जनपद में कई स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों के लिए सदैव तत्पर रहता है कई मरीजों को मोतियाबिंद के लिए भी चिन्हित किया गया है जिनका ऑपरेशन करने के लिए बुलाया जाएगा, इस मौके पर कार्य दाई संस्था की उपाध्यक्ष पूजा, अब्दुल कादिर, नरेश पॉल बबलू आदि मौजूद रहे

# जहरीले कीड़े के काटने से युवती की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी जगदीश की 20 वर्षीय बेटी ज्योति कुमारी को सांप ने काट लिया। घटना शनिवार सुबह करीब 5 बजे की है। ज्योति ने सांप के काटने की जानकारी अपने माता-पिता को दी। परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़फूंक के लिए किसी बाबा के पास ले गए। वहां उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार वाले जब अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। समाजसेवी सर्वेश पांडे और रजनीश सिंह ने इस घटना की सूचना थानाध्यक्ष मौरावां कुंवर बहादुर सिंह को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां शांति देवी, भाई रोहित और करन तथा छोटी बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रुपिया के लेन देन को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी। एक पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।थाना क्षेत्र के रघुनाथ खेडा हाता मजरे कीरतपुर निवासिनी दुलारा लोधी पत्नी स्व० छूनारी लोधी ने तहरीर देकर बताया मेरे पुत्र त्रिलोकी का कुछ पैसा श्यामू लोधी के पास बकाया था जब वह अपना पैसा मांगने लगा तब श्यामू पुत्र ननकऊ ,निशा पत्नी श्यामू ,गुलाबा पत्नी स्व० रामू, जुग्गी पुत्र झलोथर ,सुनीता पत्नी जूग्गी ,राधा पत्नी सोनू व सोनू पुत्र ननकऊ लोधी ने जमकर लाठी डंडों से मारापीटा व गाँव वालों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया दोनो ही पक्षो में मारपीट हुई है। एक पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर मेडिकल उपरांत तहरीर में नामित लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सैकड़ों वर्ष पुरानी कृष्ण लीला मैदान में दबंग करा रहे निर्माण

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। सैकड़ों वर्ष पुराने कृष्ण लीला मेला मैदान की भूमि पर गांव के दबंग लोग किसी न किसी मद से निर्माण कार्य चालू करा देते है जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को होती है तो इस निर्माण कार्य की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर निर्माण कार्य को रोक दिया जाता है तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहमदाबाद माथर निवासी बासुदेव सिंह पुत्र महराज सिंह सोनू श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय तेज नारायण प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय प्रेम नारायण ने आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी गौरांग राठी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि मेरी ग्राम सभा में सैकड़ों वर्ष पुराना कृष्ण लीला मैदान है जहां पर आज भी कंश की मूर्ति व सिंहासन बना है उसी भूमि पर अपने निजी स्वार्थ हित गांव के ही विनोद सिंह पुत्र सूर्य बक्श सिंह अपने परिजनो के साथ मिलकर कोई न कोई निर्माण कराने लगता है इसके पूर्व भी उक्त लोग वहां निर्माण कार्य करवा रहे थे तो इसकी शिकायत जिला अधिकारी से की गई थी जिसकी जांच एडीएम ने की और कार्य को रोक दिया गया था अब दोबारा उक्त लोग वहां पर अपने स्वार्थ के लिए खांडजा निर्माण करवा रहे हैं जिला अधिकारी ने जांच करवाने का आश्वासन देकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

पाकिस्तान हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी ढंग से भारत को घेरा जा सके। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी गत बनने के बाद उसकी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है। वो कभी अमेरिका की जी हुजूरी करता है तो कभी बांग्लादेश को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ाता है। महज कुछ ही दिन पहले मुस्लिम देशों को नाटो जैसा संगठन बनाने की वकालत करने वाले पाकिस्तान ने अब सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। वैसे तो सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। पाक जब भी कंगाली की हालत में होता है, सबसे पहले सऊदी अरब के सामने ही हाथ फैलाता है। यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। आपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर को पाकिस्तान का सबसे शक्तिशाली इंसान माना जा रहा है और वो लगातार इस समझौते को करवाने की कोशिशों में जुटे थे। क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हराना तो बहुत दूर की बात है, मुकाबले में खड़ी भी नहीं हो सकती। आपरेशन सिंदूर के दौरान महज 48 घंटे में ही उसे युद्ध रोकने की गुहार लगानी पड़ी थी। इसीलिए वो एक ऐसे मजबूत कंधे की तलाश में थे, जिसके सहारे भारत के कोप से बचा जा सके। भारत के साथ-साथ इस समझौते को कतर में किए गए इजरायली हमले को भी कारण माना जा रहा है। 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस समझौते के पीछे तात्कालिक क्षेत्रीय तनाव तो हैं ही, इसके साथ ही मुख्य प्रावधान किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना, औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है। सऊदी अरब के लिए, यह अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के एक कदम का संकेत है। वहीं, पाकिस्तान को डर है कि भारत आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने से चूकने वाला नहीं है। पाक अब सऊदी को ढाल के रूप में इस्तेमाल भी करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पाक परमाणु शक्ति भी है, जिसकी विदेश नीति दबाव में तुरंत पलट सकती है। क्योंकि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। वो आर्थिक सहायता के बदले कुछ भी कर सकता है। हालांकि, पाकिस्तान सीधे तौर पर इजरायल या भारत पर हमले की हिमाकत शायद ही करे, क्योंकि वो अच्छी तरह से जानता है कि उसका परिणाम क्या होने वाला है। फिर भी भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाक एक जहरीले सांप की तरह है, जिस पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।



विश्लेषण

राज कुमार सिंह

ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच-समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से।

# 'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना

कहावत है कि एक समय ब्रिटिश सत्ता में सूरज कभी नहीं डूबता था, अब उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी। इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया।

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है। विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई। अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल के अंतराल के बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है। ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं। इसीलिए प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं। प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिलता है तो वे भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देते हैं। अब अचानक इन देशों को प्रवासी अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं। स्थानीयता और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों की भावनाएं भड़काने की राजनीति जांची-परखी है। इसलिए इसे आधार बना कर सत्ता-राजनीति की बिसात भी बिछायी जाने लगी है।

अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवाने वाला 'ट्रंप कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे? ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में चुनाव भी होने वाले हैं। बेशक फ्रांस से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तक जनता के सड़कों पर उतरने के मूल में वहां की सरकारों की, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकामी तथा महंगाई, बेरोजगारी एवं खराब कानून व्यवस्था के चलते बढ़ती जीवन की मुश्किलें ही हैं, लेकिन ट्रंप के 'ट्रंप कार्ड' के बाद तमाम समस्याओं को स्थानीय बनाम प्रवासी का मुद्दा बना कर पेश करने की राजनीति जोर पकड़ रही है।

पिछले दिनों लंदन में प्रवासी विरोधी रैली का हिंसक हो जाना बताता है कि ये भावनाएं लगातार गहरा रही हैं। बेशक आर्थिक विकास की दौड़ में किसी देश के पिछड़ जाने या आगे निकल जाने का कोई एक कारण नहीं होता




और यह अचानक भी नहीं होता, पर महंगाई- बेरोजगारी के साथ-साथ अपराधों में भी वृद्धि की तपिश झेल रहे अंग्रेजों को यह समझा पाना मुश्किल नहीं कि कभी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ने के मूल में उस पर बढ़ता प्रवासियों का दबाव भी है। आश्चर्य नहीं कि नोजली, लॉटन और केंट के कुछ क्षेत्रों में प्रवासी विरोधी गुट सक्रिय और मुखर हो रहे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना भी मुश्किल थी कि ब्रिटेन के मूल निवासी अपने ही देश में खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगे, लेकिन अब राजधानी लंदन में ही कुछ 'नो-गो जोन' बन गये हैं, जहां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गैर मुस्लिम जाना असुरक्षित समझते हैं। ब्रिटेन की ही बात करें तो लगातार बढ़ती मुस्लिम आबादी फिलहाल प्रवासी विरोध की बड़ी वजह है। अनुमान है कि 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

किसी भी देश और समाज में जब आबादी का स्वरूप और संतुलन बदलता है, तो कई तरह की चुनौतियां पैदा होना स्वाभाविक है। बेहतर जीवन की चाह में विदेश जाने वाले प्रवासी भी अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजे रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में वे संगठित भी होते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद के जरिये स्थानीयता की राजनीति करने वाले उनकी सक्रियता और मुखरता को देश की मूल संस्कृति और निवासियों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।

इस्लामी संस्कृति से ले कर गाजा पर एकजुटता के प्रदर्शन तक मुस्लिम संगठनों की सक्रियता और मुखरता अंग्रेजी समाज में भविष्य के खतरे के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। ऐसा लग सकता है कि ब्रिटेन में प्रवासी विरोध के निशाने पर मुस्लिम ही हैं, पर वास्तव में अवैध प्रवासी हर देश में समस्या बनते जा रहे हैं। अमेरिका की तरह अन्य पश्चिमी देशों में भी अवैध प्रवासियों से सख्ती से निपटने के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इसी साल लगभग 28 हजार अवैध प्रवासी छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश कर चुके हैं। खुद को अवैध प्रवासियों के लिए धर्मशाला नहीं बनने देना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। बेशक जिन देशों से ये अवैध प्रवासी आते हैं, वे भी उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का तर्कसम्मत विरोध नहीं कर सकते। जब अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी-बेड़ी पहना कर भारत भेजे तो हमारे पास भी मानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाने के अलावा कहने को ज्यादा कुछ नहीं था। इस विश्वव्यापी समस्या का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है। बेशक पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए ही विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने। हां, सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से। जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य की बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं।

## सारा संसार




लवासा में देवकुंड झरना एक छिपा हुआ रत्न है। 20 फिट की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को देख यात्री तरोताजा महसूस करते हैं। यहां पहुंचने के बाद देवकुंड पर्यटन टीम आपको कैंपिंग, ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटी के बारे में पूरी जानकारी देती है।

## मन की कड़वाहट मिटेगी तो संबंध में आएंगी ताजगी



संकलित

दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे।

## आस्था

बाल मुकुन्द ओझा



# शक्ति भक्ति, मेलों-ठेलों और खुशियों के त्योहार

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। विशेषकर सितम्बर और अक्टूबर का त्योहारी महीना अपने साथ कई सौगातें लेकर आता है। इस दौरान बारिश विदाई ले चुकी होती है और मौसम में बदलाव की आहट लोग महसूस करते है। इस मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सितम्बर माह से देश में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। नवरात्रि से दीपावली तक दो माह इस बार कई महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों की सौगात लेकर आ रहा है। ये माह आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथियों को अपने साथ लेकर आया है। यह एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही 22 सितम्बर से विधिवत त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी, करवा चौथ, दीपावली, प्रदोष व्रत, शरद पूर्णिमा जैसे बड़े व्रत, त्योहार और मेले ठेले हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाये जायेंगे। दीपावली तक त्योहारी खरीदारी का माहौल रहेगा और उसके बाद शादियों का दौर बाजारों को नई रफ्तार देगा। बहरहाल यहां हम त्योहारी सीजन की चर्चा कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते हैं जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते हैं और खुशहाली की कामना करते हैं। त्योहारी सीजन की शुरुआत शारदीय नवरात्रि से हो रही है। 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के लाखों भक्त उनकी तन मन से पूजा-आराधना करते हैं ताकि उन्हें उनकी श्रद्धा का फल मां के आशीर्वाद के रूप में मिल सके। धनतेरस का पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इसे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार, 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। शाम को घरों में दीपक जलाकर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा मंगलवार, 21 अक्टूबर को है। लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। भाई दूज गुरुवार, 23 अक्टूबर को है। यह दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक स्मार्ट मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*- प्रदीप यदु, रायपुर*

## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम



सेवा पखवाड़े के तहत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मेरी सभी भारतीयों से अपील है कि वे निश्चित रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।

\- भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मुश्किल पार करने की ताकत



बारिश की वजह से हुआ कीचड़ हो या इंसानों द्वारा बनाए गए बांध - मुझे मेरे लोगों से मिलने से कोई भी परिस्थिति नहीं रोक सकती। यह रिश्ता हर मुश्किल को पार करने की ताकत रखता है।

\- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### कई कैदियों की रिहाई



हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें बधाई देती हूं।

-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### प्रभावित परिवारों से मुलाकात



आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और कस्बों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। हम मिलकर पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएंगे।

-कंगना रनौत, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित


अफगानिस्तान में लोगों को "अनैतिक आचरण से बचाने के लिए" तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं।



## ऑफ बीट

# हमेशा जीवित रहने अमरत्व बेचने की तैयारी में विशेषज्ञ

क्या आपको मौका मिले तो हमेशा जीवित रहने के लिए भुगतान करना चाहेंगे? सिलिकॉन वैली के कुछ अरबपति अब सिर्फ प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पाद ही नहीं बना रहे, बल्कि उनकी नजरें 'अमरत्व' हासिल करने पर हैं। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी सोच को प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंसर्स) बड़ी संख्या में उपयुक्त खाद्य सामग्री, मशरूम पाउडर और अन्य कई 'तरह के आहार' को बढ़ावा दे रहे हैं जो दावा करते हैं कि वे आपकी उम्र को उलट सकते हैं या जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश उपायों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।



## संक्षेप

### छात्रा की हत्या का मामला

**एबीएचएसपी प्रदेश अध्यक्ष बोले– राजनीतिक दबाव में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई**

सुलतानपुर, छात्रा की दुष्कर्म के प्रयास के बाद हत्या का मामला गरमा गया है। इस मामले में अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र राजेश गुप्ता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के दबाव में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है और विवेचना प्रभावित की जा रही है। छात्रा के परिवार से मुलाकात के बाद शैलेन्द्र राजेश गुप्ता ने बताया कि नामजद आरोपियों को बचाया जा रहा है, जिससे स्पष्ट होता है कि प्रशासन पर बहुत बड़ा दबाव है। उन्होंने प्रभारी मंत्री ओपी राजभर के छात्रा के परिवार से न मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मंत्री ओपी राजभर ने मीडिया में बयान दिया था कि परिवार ने उनसे मिलने से मना किया था। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर परिवार ने मंत्री को मना किया होता, तो वे उन्हें भी मना कर देते। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने थाना प्रभारी से बात की, जिन्होंने पीड़ित परिवार को अकेले आकर मिलने को कहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिस साइकिल पर बेटी निकली थी, वह अभी तक बरामद नहीं हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि 30 तारीख को हुई हत्या के बाद भी न्याय नहीं मिला है।

### नवविवाहिता की मौत

**पति दिल्ली में था, छत पर फंदे से लटका मिला शव, जून में हुई थी शादी**

सुलतानपुर, हलियापुर थाना क्षेत्र के कांकर कोला गांव में एक विवाहिता अजमेरुल निशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी शादी बीते जून माह में इसी गांव के इशतिखार पुत्र इलियास से हुई थी। जानकारी के मुताबिक, अजमेरुल निशा के पति इशतिखार अपने भाइयों के साथ दिल्ली में काम करता है। अजमेरुल निशा घर पर अपनी ननद हिना, बुजुर्ग सास और ससुर इलियास के साथ रहती थीं। घटना के दिन ससुर इलियास दवा लेने लखनऊ गए हुए थे। घर पर सास, ननद हिना और अजमेरुल निशा मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक विवाद के बाद अजमेरुल निशा छत पर चली गईं।

### बिना चेतावनी संकेत और रूट डायवर्जन के पेड़ों की कटान

**सुल्तानपुर में हाइवे पर बिना सूचना और सुरक्षा मानकों के हो रहा काम, हादसे की आशंका**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर-अयोध्या नेशनल हाईवे पर गोलाघाट से रतनपुर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस दौरान हाईवे किनारे लगे पेड़ों की कटाई की जा रही है। हालांकि, यह कार्य बिना किसी सूचना बोर्ड, चेतावनी संकेत व रूट डायवर्जन के किया जा रहा है। जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। चालू हाईवे पर अचानक पेड़ों की कटाई से गंभीर हादसा होने की आशंका है। वाहन चालकों को कटाई कार्य के बारे में कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई है और न ही मौके पर कोई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

# दुर्गा पूजा महासमिति ने की मैराथन बैठक, सौंपे दायित्व

**14 ब्लॉक प्रमुखों, छह तहसील व 22 थानों के प्रमुखों के साथ बैठक हुई आयोजित**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक, तहसील, थाना प्रमुख व विसर्जन के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण के माहौल में मनाया जा रहा है।उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल बिजली कटौती न की जाए।पूजा पण्डालों में सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की ओर से व्यापक की जाए।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए।उन्होंने कहा कि जनपद की छह तहसील में महोत्सव के लिए बैठकें आयोजित की जाएं।बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बुकलेट, बैज, पटका, महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्व सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई। बैठक को संरक्षक सुभाष त्रिपाठी, परशुराम कुशवाहा,चन्द्र भान सिंह संचित, हरिश्चंद्र गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, सुधाकर मिश्रा, शिवम जायसवाल, श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला प्रचारक अजय, राजू निगम ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने किया। इस दौरान राम जी शुक्ला, शिवशरण सिंह, कन्हैया सोनी, विपिन यज्ञसैनी, पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, विनोद रस्तोगी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा, गौरव तिवारी, सुरेश गुप्ता, हरि शंकर, बैजनाथ रस्तोगी, पंकज केवट, वैभव जैन, दुर्गेश पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, अखिलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, पंकज केवट, दिवाकर यादव मौजूद रहे।

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में स्थापित की गई 1390 स्ट्रीट लाईट व 61 सोलर लाईटें: सीडीओ

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जनपद में वन्य जीव के हमले के दृष्टिगत विकास खण्ड-फखरपुर व महसी के प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव व लेखपाल के साथ ग्रामीणों की टोली प्रभावित गावों में भ्रमण किया जा रहा है जिनके उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु विकास खण्ड स्तरीय व जनपद स्तरीय अधिकारियों के ड्यूटी लगाई गई है तथा जनपद स्तर पर उपायुक्त श्रम रोजगार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के नियत्रण में कन्ट्रोल रूम की स्थापना कराई गई है।

इसके साथ ही जनपद के आस पास के जनपदो से वन्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में क्षेत्रीय अधिकारी के साथ वन दरोगा की 32 टीमो की ड्यूटी लगाई गई है। वन्य जीवों के हमलो से बचाव हेतु जागरूकता कराने हेतु 18 पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की स्थापना कराई गई है। प्रभावित क्षेत्रां में लगभग 1390 से ऊपर स्ट्रीट लाइट, 61 सोलर लाइटे एवं दरवाजे विहिन घरों में लगभग 24 दरवाजे लगावाये गये है। रात्रि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है।34 नोडल अधिकारियो द्वारा रात्रि में भ्रमण करते हुए गांव के लोगो को अन्दर या छत पर सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।उक्त के अतिरिक्त जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा भी निरन्तर भ्रमण करके लोगो को वन्य जीव हमले से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# समाज सेवी डॉक्टर अरविंद सिंह ने मंझारा तौकली का किया भ्रमण

**भेड़िए के बचाव के लिए हर संभव मदद: डॉ0 अरविंद कुमार सिंह**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।कैसरगंज के समाजसेवी डॉक्टर अरविंद सिंह बिसेन प्रकोष्ठ चिकित्सा बहराइच में शनिवार की देर रात मंझारा तौकली गांव का भ्रमण किया। पीड़ित परिवार से मिले। मंझारा तौकली के ग्राम वासियों को पूरा श्वसन दिलाया कि भेड़िए को पकड़ने के लिए शासन प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है। जल्द से जल्द भेड़िए को पड़कर पिंजरे में कैद किया जाएगा। तभी गांव के लोगों को राहत व सुकून मिलेगा। अरविंद कुमार सिंह ने सांसद कैसरगंज से लेकर तमाम जनप्रतिनिधियों से संवाद करके भेड़िए से निजात दिलाने के लिए उचित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निजात दिलाने के लिए उपाय किए जाएंगे ताकि मंझारा तौकली के ग्राम वासियों को सुकून मिल सके। वन विभाग के कर्मचारी भारी संख्या में मंझारा तौकली के गांव में मुस्तैद है। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। भेड़िए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं। गांव वालों को हिदायत दी गई है कि सूरज डूबने के बाद घर से बाहर अकेले कतई ना निकले। बच्चों को दिन में भी अकेला ना छोड़े।इस मौके पर बृजेश सिंह समर सिंह बबलू सिंह आदि कई दर्जनों समर्थक भारी संख्या में मौजूद रहे।



# एसएसबी महानिदेशक संजय सिंघल ने रूपईडीहा सीमा का किया दौरा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर



रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नवनियुक्त महानिदेशक (डीजी) संजय सिंघल ने शनिवार को भारत-नेपाल सीमा रूपईडीहा का दौरा कर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। रूपईडीहा पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले एसएसबी 42वीं वाहिनी के चेकपोस्ट का निरीक्षण किया, जहाँ कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने सीमा सुरक्षा, जवानों की ड्यूटी और उन्हें होने वाली कठिनाइयों की विस्तृत जानकारी दी। डीजी सिंघल ने सीमा पर पैदल भ्रमण कर जवानों की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष रूप से जायजा भी लिया। इस दौरान कमांडेंट ने चेकपोस्ट निर्माण हेतु खरीदी गई जमीन की जानकारी भी साझा की। महानिदेशक सिंघल ने आगे चलकर निम्बिया, मनवरिया और मुंशीपुरवा चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।इसके साथ ही उन्होंने इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) का भी दौरा कर भारत-नेपाल के बीच हो रहे व्यापार और आमजन के आवागमन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि संजय सिंघल ने 1 सितंबर 2025 को एसएसबी महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया है। वह उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।इससे पहले वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। अमृत मोहन प्रसाद की सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें एसएसबी का महानिदेशक नियुक्त किया गया। पुलिसिंग और सुरक्षा अभियानों में तीन दशकों से अधिक अनुभव रखने वाले सिंघल आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और आतंकवाद-रोधी गतिविधियों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। बीएसएफ में उनके कार्यकाल के दौरान रणनीतिक संचालन, नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय और सीमावर्ती क्षेत्रों में खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। एसएसबी, जो गृह मंत्रालय के अधीन नेपाल और भूटान सीमा की सुरक्षा का दायित्व संभालती है, में उनकी नियुक्ति से इन क्षमताओं में और मजबूती की उम्मीद है। इस मौके पर एसएसबी के आईजी रतन संजय, डीआईजी वी. विक्रम, 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत, 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश रमोला तथा रूपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत भी मौजूद रहे।

# वन्य जीव हमले से पीड़ित परिवार को सीडीओ ने बंधाया बनाया ढाँढस



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक व नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव के साथ तहसील कैसरगंज अन्तर्गत वन्य जीव प्रभावित ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के गंधु झाला गांव पहुंच कर वन्यजीव हमले से शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि पीडित परिवार के घर पर पहले से मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी ने उप जिलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। एसडीएम कैसरगंज श्री सिंह ने बताया घायलो और मृतकों की सूची बनाकर शासन को भेजी जा रही है जल्द की मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी गौरव वर्मा, रामबचन सोनी, सीता राम पाण्डेय, बद्री अवस्थी, सरदार सिंह, सतगुर प्रसाद व लल्लन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्र में तैनात किये गये 03 जनपदों के डीएफओ

**मुख्य वन संरक्षक ने प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण**

**प्रभावित क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। वन प्रभाग, बहराइच अन्तर्गत कैसरगंज रेंज के हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों का अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र डॉ. रेणु सिंह ने वन संरक्षक सेम्मारान एम., प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव, सहायक वन संरक्षक राशिद जमील व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ सिपहिया हुलास, मंझारा तवक्कली, भौरी आदि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान हिंसक वन्य जीव के रेस्क्यू, नियंत्रण/शमन के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू आपरेशन के लिए प्रभागीय वनाधिकारी बाराबंकी आकाशदीप बधावन, गोण्डा के अनुराग प्रियदर्शी व श्रावस्ती के धनराज मीना की ड्यूटी लगायी है।

डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है। विशेषज्ञ टीम द्वारा 02 थर्मल ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी। मुख्य संरक्षक डॉ. सिंह ने निर्देश दिया कि क्षेत्रीय लोगों को जागरूक करें तथा वन्य जीव के सम्बन्ध में यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जाय।

# इन्दिरा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 का हुआ रंगारंग शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/सिराज अली कादरी



बहराइच। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने विशिष्ट अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल तथा अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ इन्दिरा स्टेडियम में दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती एवं पं. दीन दयाल जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर तथा खुले आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़कर तथा तीन धनुष चलाकर तीरन्दाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। बहराइच विधानसभा के बालक व बालिकाओं द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। लोकसभा क्षेत्र-56 बहराइच अन्तर्गत सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत विधानसभा स्तरीय खेल स्पर्धा का भव्य शुभारम्भ हुआ। विधानसभा स्तरीय खेल स्पर्धा 21 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होंगी। विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों के लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गोंड ने सांसद खेल महोत्सव 2025 अन्तर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उचित मंच प्रदान करना है। उन्होंने प्रतिभागियों का आहवान किया कि इस आयोजन का भरपूर लाभ उठायें। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल की भावना का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मेरी शुभकातना है कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा व संजय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह, नन्हे लाल लोधी, डिम्पल जैन, सुरेश गुप्ता, अरूणेन्द्र सिंह, अमित शर्मा, सतीश सिंह, चन्द्रभूषण सिंह, सभासद प्रतिनिधि मानवेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। अन्त में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता मे अनुपमा धानुक उप क्रीड़ाधिकारी, मो. आरिफ, रोहित सिंह, विनोद कुमार, ओमकार नाथ, ऐश्वर्या पाठक, नित्यानन्द पासवान, रंजीत कुमार आदि निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार गुप्ता व अखिलेश चौधरी तथा नगर पालिका, चिकित्सा विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्रों द्वारा योगासन एवं लोकनृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक अमित पाण्डेय द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में नगर पालिका, चिकित्सा विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। अन्त में क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों एवं आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

# 23 सितम्बर को जनपद में मनाया जायेगा दशम आयुर्वेद दिवस

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। जनपद में 23 सितम्बर को दशम आयुर्वेद दिवस के सफल आयोजन हेतु शनिवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सरोज शंकर राम को निर्देश दिया कि मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका से सामंजस्य स्थापित करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के देखभाल के लिए आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित कर जनसामान्य को औषधीय पौधों से परिचित कराते हुए औषधीय वाटिका स्थापित करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये गये। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानों को आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाय। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में आयुर्वेद के प्रति रूचि एवं जागरूकता हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, संगोष्ठी तथा रंगोली इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाय। बैठक का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. रंजन वर्मा/जिला कार्यकम प्रबन्धक आयुष मिशन/ अब्दुल वजूद नेशनल इन्टीग्रेटेट मेडिकल एसोशिऐशन (नीमा) द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत

**युवक का फांसी पर लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान 32 वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र गुरुदीन निवासी शिवगढ़ के रूप में हुई है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, बृजेश का शव कमरे के अंदर फांसी पर लटका हुआ पाया गया।बृजेश के परिवार में उसकी पत्नी अंजू (30) और तीन छोटे बच्चे, निर्भय (10), प्रतिमा (7) और सिद्धु (5) हैं। इस घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है।गांव के कुछ लोगों ने बताया कि बृजेश आर्थिक तंगी से परेशान रहता था। हालांकि, यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। शिवगढ़ थाना प्रभारी ज्ञानेश दुबे ने जानकारी दी कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# फर्जी पैरामेडिकल संस्थानों पर कार्रवाई

**सीएमओ की छापेमारी में बड़ा खुलासा, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ पर प्रशासन सख्त**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिले में पैरामेडिकल कोर्स के नाम पर चल रहे फर्जी संस्थानों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने कई संस्थानों पर छापेमारी की। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुष्मान सिंह ने यह कार्रवाई की। सीएमओ डॉ. आयुष्मान सिंह ने बताया कि पैरामेडिकल कॉलेज और इंस्टिट्यूट अमेठी में अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी और उपजिलाधिकारी आशीष सिंह को जांच आख्या तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। छापेमारी के दौरान राम प्रताप मिश्र इंस्टीट्यूट पर बोर्ड लगा मिला, लेकिन संस्थान बंद था और संचालक मौके से फरार पाए गए। वहीं, सीएसके पैरामेडिकल भी अवैध रूप से संचालित पाया गया। यहां पर कक्षाएं और प्रशिक्षण दोनों दिए जा रहे थे। मौके पर तीन छात्राएं उपस्थित मिलीं। जिनका रजिस्ट्रेशन प्रतापगढ़ जनपद से कराया गया है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी फर्जी संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### चेन छीनकर भाग रहे बदमाशों को पकड़कर पीटा

**लोगों ने रस्सी से बांधा, जमकर धुनाई की; सात मोबाइल बरामद हुए**

नोएडा, चेन छीनकर भाग रहे दो बदमाशों को पीड़ित और आसपास के लोगों ने पकड़ लिया। उनके हाथ बांधे और जमकर पिटाई कर दी। लोगों ने दोनों के पास से छह मोबाइल फोन बरामद किए। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, पारस सक्सेना और उनकी पत्नी प्रियंका अपने बेटे को स्कूल बस तक छोड़ने आए थे। सेक्टर-11 के एल ब्लाक के मार्केट के पास पीछे की तरफ उसी समय एक बाइक पर दो लोग आए और प्रियंका के गले की चेन को छीनने का प्रयास करने लगे। पारस ने इसका विरोध किया। छीना झपटी हुई और बाइक सवार दोनों बदमाश गिर गए। इस दौरान हाथ छुड़ाकर दोनों बदमाश भागने लगे। शोर मचाने पर लोगों ने दोनों बदमाशों को घर लिया। इस हाथ पाई में पारस के काफी चोट आई और प्रियंका के कपड़े तक फट गए।

### बीडीएस छात्र पर चाकू से हमला

**घायल स्टूडेंट अस्पताल में भर्ती, मामूली विवाद में हुई लड़ाई; केस दर्ज**

मोदीनगर, गोविंदपुरी कॉलोनी में एक बीडीएस छात्र पर चाकू से हमला किया गया है। पड़ोसी से मामूली विवाद के बाद छात्र के चेहरे पर कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली के संतनगर बुराड़ी निवासी मुकुल रावत मोदीनगर के कादराबाद स्थित आईडीएसटी कॉलेज में बीडीएस थर्ड ईयर के छात्र हैं। वह गोविंदपुरी कॉलोनी में किराए के कमरे में रहते हैं। बताया जा रहा है कि समरसेबल चलाने को लेकर मुकुल का पड़ोस में रहने वाले एक युवक से विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने चाकू से मुकुल के चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल छात्र को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने पुलिस थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### ग्रेटर नोएडा में वाहन चोर गिरफ्तार

**पुलिस ने चोरी का ऑटो और चाकू बरामद किया**

जेवर, ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का एक ऑटो रिक्शा और एक चाकू बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान एक व्यक्ति ऑटो रिक्शा लेकर जा रहा था। जब पुलिस ने उससे ऑटो के कागजात दिखाने को कहा, तो वह ऐसा नहीं कर पाया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह ऑटो चुराया था। उसकी पहचान हरियाणा के तिगांव गांव निवासी अंकित के रूप में हुई है।

# संगम तट पर अजन्मी बेटियों के लिए पिंडदान

## समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं को भ्रूण हत्या न करने का दिलाया संकल्प

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज, नैनी स्थित अरैल संगम तट पर एक अनूठा श्राद्ध तर्पण आयोजन किया गया। यह आयोजन उन अजन्मी बच्चियों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए किया गया जिन्हें समाज की कुरीतियों और भ्रांतिपूर्ण सोच के कारण मां की कोख में ही मार दिया गया। पितृपक्ष के मौके पर जहां लोग अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान कर रहे थे, वहीं समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह ने अपने साथियों संजय श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, रविंद्र सिंह राजपाल, चंद्रभान यादव, हरमनजी सिंह और दलजीत कौर के साथ मिलकर उन बेटियों के लिए पिंडदान किया, जिन्हें कभी जन्म लेने का अवसर नहीं मिला। पतविंदर सिंह ने कहा, समाज अपने पितरों का तर्पण तो करता है, लेकिन कन्या भ्रूण हत्या की शिकार मासूम बच्चियों को भूल जाता है। वे भी हमारे ही हिस्से थीं। उन्हें स्मरण करना और उनके लिए तर्पण करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से संकल्प भी दिलवाया कि वे भ्रूण हत्या जैसी घातक कुप्रथा से दूर रहेंगे और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकेंगे। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को व्यक्त किया, बल्कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर भी गहरी चोट की। समाजसेवकों का मानना है कि ऐसी पहलें बेटियों को बचाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अहम कदम हैं। भारत में कन्या भ्रूण हत्या लंबे समय से चिंता का विषय रही है। तकनीक के दुरुपयोग से गर्भ में ही बच्चियों की हत्या की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं।

सरकार और समाज दोनों स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं जब तक हर व्यक्ति जागरूक न हो। अरैल संगम तट पर आयोजित यह श्राद्ध तर्पण केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि एक गहन सामाजिक संदेश भी था कि बेटी बोझ नहीं, आशीर्वाद है। बेटियों को जन्म से पहले मारना केवल अपराध नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के खिलाफ सबसे बड़ा पाप है।

# एक साथ गिरे बिजली के 5 खंभे

## तार बदलने के दौरान हादसा, रोड पर थी आवाजाही; लापरवाही पर गुस्साए लोग

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से बड़ा हो गया। हादसे में कई लोग बाल बाल बच गए। बिजली के 5 खंभे एक एक कर गिर गए। रोड पर यातायात कम था, ऐसे में खंभा डिवाइडर पर गिरा। उस वक्त वहां से कोई गुजर नहीं रहा था इसलिए बच गया। 5 खंभे गिरने से अफरातफरी मच गई।

हालांकि बिजली आपूर्ति पहले से बंद थी इसलिए राहत रही। हादसे के बाद आनन फानन में रोड ब्लाक कर काम शुरू किया गया। घटना को लेकर आसपास के लोगों और दुकानदारों ने गुस्सा जताया। हालांकि बिजली कर्मियों ने समझा कर मामला शांत करा दिया। बिजली के पांच खंभे गिरने की घटना राजरूपपुर रोड, चकिया पर हुई। शहर पश्चिम विधानसभा चकिया कब्रिस्तान में बच्चा हलवाई, तिलक टेलर के सामने से लेकर मन्ना चक्की तक पांच खंभे गिरे। हादसे में कोई जख्मी तो नहीं हुआ लेकिन लोगों में इस बात पर आक्रोश रहा कि बिजली विभाग को यह सब देखना चाहिए था। असल में महाकुंभ के पहले ही प्रयागराज में करोड़ों रुपये खर्च कर खंभों को लगाया गया था। अब एक साल के भीरत ही यह खंभे जर्जर होकर गिरने भी लगे हैं। असल में इन दिनों प्रयागराज के पुराने शहर में बिजली के तारों को बदला जा रहा है। कई मुहल्लों में एक साथ तार बदलने का काम चल रहा है। इसी बीच कुछ न कुछ हादसे हो रहे हैं।

# परिवार पर जानलेवा हमला

## आरोपी तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित खेरली हाफिजपुर गांव में एक परिवार पर जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। यह मामला 1 मई का है, जब पीड़ित पक्ष के सतवीर ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके खेत में आरोपी पक्ष के रेवसिंह और उसके परिजनों ने कब्जा करने के उद्देश्य से पोल गाड़ दिए थे। जब सतवीर के चाचा केवल सिंह और तेज सिंह मौके पर पहुंचे, तो आरोपी पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उन पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया और जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस हमले में केवल सिंह और तेज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। सतवीर ने इस घटना के संबंध में छह नामजद सहित कुल 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास उर्फ कालू, जो बुलंदशहर का निवासी है, को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि विकास ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी।

# वेस्ट ट्राइडेंट सोसाइटी में एओए चुनाव विवाद

## पुलिस ने 7 लोगों को किया गिरफ्तार, दो पक्षों के बीच हुई थी मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ट्राइडेंट सोसाइटी में एओए चुनाव को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिससे तनाव बढ़ गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि ट्राइडेंट एम्बेसी सोसाइटी में एओए चुनाव को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद सात आरोपियों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों में धर्मेंद्र सिंह, अनिल कुमार शर्मा, तुषार चौधरी, वरुण सिंह, विपिन वत्स, नितिन चावला और रजत सिसोदिया को शामिल किया। सभी आरोपियों को ट्राइडेंट एम्बेसी सोसाइटी से ही गिरफ्तार किया गया। दोनों पक्षों के आरोप पुलिस को दी गई शिकायत में प्रथम पक्ष के विपिन वत्स ने बताया कि चुनाव की रंजिश के चलते धर्मेंद्र भाटी, अनिल शर्मा, तुषार और उनके साथियों ने सोसाइटी के बाहर बाजार में उनके साथ मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र भाटी ने विपिन वत्स, नितिन चावला, रजत सिसोदिया और वरुण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर उनके खिलाफ मारपीट की योजना बनाई गई थी और इसके बाद बाजार में उन्हें हमला किया गया।

# साइबर ठग गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 7 लाख की ठगी का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



बागपत, साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वादी बागपत निवासी विजय कुमार से करीब 7 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गाजियाबाद के खोड़ा निवासी अर्जुन पुत्र तारा चंद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक सिम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासबुक, चेकबुक और एजीएम एंटरप्राइजेज की मोहर बरामद की है। आरोपी के बैंक खाते से 2.32 लाख रुपये फ्रीज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अर्जुन ने केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ अब तक कुल 96,63,151 रुपये की धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं। पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि उसने बीए पास किया है और पहले एक प्राइवेट स्कूल में अकाउंटेंट था। कोरोना काल में नौकरी जाने के बाद उसने बिजनेस के उद्देश्य से एजीएम एंटरप्राइजेज कंपनी खोली, लेकिन उसमें नुकसान हुआ। इसके बाद वह अपने दोस्तों चेतन, जय, समीर और सिद्धार्थ से मिला, जिन्होंने उसे साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली के एक होटल से ठगी का काम शुरू किया, दर्जनों बैंक खाते खुलवाए और धोखाधड़ी कर विभिन्न बैंकों से लोन भी लिया। बागपत पुलिस ने आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बागपत पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने एक प्रेस वार्ता में इस पूरे मामले की जानकारी दी।

# आपदा से निपटने को मॉक ड्रिल

**स्कूल, तहसील और औद्योगिक क्षेत्रों अचानक बजे सायरन, स्ट्रेचर लेकर दौड़े लोग**

**अमन लेखनी समाचार**




बागपत, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल खेकड़ा, बागपत और बड़ौत तहसील क्षेत्रों के स्कूलों, तहसील परिसरों और औद्योगिक क्षेत्रों में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य लोगों को आपदा की स्थिति से निपटने और बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना था। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में आयोजित इस मॉक ड्रिल में पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान आपदा जैसी आपात स्थिति उत्पन्न कर लोगों को बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए, ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) पंकज वर्मा ने बताया कि बागपत जनपद भूकंपीय क्षेत्र में आता है। ऐसे में भूकंप या अग्निकांड जैसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से एक आपातकालीन स्थिति का निर्माण किया गया, जिसमें लोगों को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीके बताए गए। एडीएम वर्मा ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और फायर ब्रिगेड सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आपदा की स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियों का जायजा लिया।

# गुर्जर समाज के 500 लोगों ने जॉइन की बसपा

## पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बोले- 9 अक्टूबर को लखनऊ में होगी रैली

**अमन लेखनी समाचार**



मोदीनगर, निवाड़ी रोड स्थित मुन्नी वाटिका में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की एक विशाल बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. बबली गुर्जर के नेतृत्व में 500 गुर्जर समाज के लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहित जाटव ने की,

जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष मनवर चौधरी ने किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व सांसद एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली ने बताया कि आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को पार्टी सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती संबोधित करेंगी। मुनकाद अली ने यह भी बताया कि बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर इस रैली की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दूसरे प्रभारी, पूर्व सांसद ग्रीसचंद जाटव ने कहा कि इस रैली में लाखों लोग बहन जी को सुनने के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से अधिक से अधिक लोगों से लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि अगले कुछ महीनों में मेरठ मंडल के हर जिले से बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग बहुजन समाज पार्टी का दामन थामेंगे।

इस अवसर पर टीवी और दूरदर्शन के मशहूर कलाकार टीकम नागर ने पार्टी और बहन जी पर अपने लिखे गीत सुनाकर सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मीटिंग में सर्व समाज के लोगों की भारी मौजूदगी रही। इस दौरान पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित थे, जिनमें मेरठ मंडल के कोऑर्डिनेटर मनोज जाटव, रामरूप बोध, पूर्व विधायक वहाब चौधरी, मेघानंद जाटव, पूर्व मंत्री दयाराम सेन, विधानसभा अध्यक्ष सतेंद्र प्रधान, डॉ. के.पी. सिंह, तेजपाल दक्ष नागर, हरिराज नागर, लक्की चुड़ियाला, परवेज तोमर, विधानसभा प्रभारी आलोक भारती, सभासद दीवान चंद चुड़ियाला, धीर सिंह गौतम और आनंद बखरवा प्रमुख रूप से शामिल थे।

# 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## पांच साल पहले कुकर से भरी गाड़ी लेकर हुआ था फरार

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम बुद्ध नगर, बादलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2020 में कुकर से भरी गाड़ी लेकर फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी बिट्टू कुमार पुत्र सुनील बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। वर्ष 2020 में बिट्टू को कुकर की खेप सिलिगुड़ी ले जाने के लिए उसके मालिक ने दी गई थी। हालांकि, रास्ते में गाड़ी का जीपीएस बंद हो गया और ड्राइवर के मोबाइल से भी संपर्क टूट गया। इसके बाद से ही बिट्टू गाड़ी समेत फरार चल रहा था। इस संबंध में गाड़ी मालिक ने थाना बादलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। बादलपुर थाना पुलिस ने आरोपी बिट्टू पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम ने स्थानीय लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक बैग बरामद किया है। थाना बादलपुर के एसएचओ अमित भडाना ने बताया कि बिट्टू लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। फिलहाल, आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रास्ता न देने पर विवाद, चली ताबड़तोड़ गोलियां

## 20 हमलावरों ने मंदिर में पूजा कर रहे युवकों पर किया हमला, दो घायल

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, जलालपुर गांव में हुई कहा सुनी शाम को खूनी संघर्ष में बदल गई। काजीपुर से आए करीब 20 हमलावरों ने शिव मंदिर में पूजा कर रहे दो युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने एक हमलावर को मौके से पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए। यह घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, काजीपुर से लगभग 20 युवक बाइक पर सवार होकर जलालपुर पहुंचे। उन्होंने शिव मंदिर में पूजा कर रहे कैलाश उर्फ मंगल और मोहित नामक युवकों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। गोलियों की आवाज सुनकर गांव में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक हमलावर आसिफ पुत्र रियाजुद्दीन निवासी काजीपुर को पकड़ लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी बाइक में आग लगा दी। शेष हमलावर भीड़ को देखते ही मौके से फरार हो गए। फायरिंग में कैलाश उर्फ मंगल पुत्र लाला सिंह के पैर में गोली लगी, जबकि मोहित के पैर को छूकर गोली निकल गई। दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह विवाद दोपहर करीब 1:30 बजे आसिफ और मोहित के बीच रास्ता न मिलने को लेकर हुई कहासुनी से शुरू हुआ था। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। हालांकि, शाम को आसिफ अपने साथियों के साथ जलालपुर पहुंचा और मोहित व मंगल पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 6-7 राउंड फायर किए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांव में फिलहाल दहशत का माहौल है।

# 9 करोड़ का फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

**बैंक की फर्जी एनओसी दी, प्राधिकरण से कराया प्लाट का ट्रांसफर ऑफ मेमोरेंडम**

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, बैंक की फर्जी एनओसी समेत अन्य जाली दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब साढे नौ करोड़ रुपए का फजीर्वाड़ा किया था। आरोपी के अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि दिल्ली के अशोक कुमार ने व्यवसायिक प्रॉपर्टी खरीदने के लिए जीशान अली, विशाल गुप्ता, जहीर अहमद समेत अन्य लोगों से संपर्क किया था। आरोपियों ने सेक्टर छह में एक 796 वर्ग मीटर का प्लाट बेचने का सौदा मार्च 2023 में 12.50 करोड़ रुपए में कराया। अशोक ने कई बार में आरोपियों को करीब साढ़े नौ करोड़ रुपए दे दिए। इसके एवज में आरोपियों द्वारा फर्जी बैंक एनओसी भी अशोक को थमा दी गई। एनओसी के आधार पर प्राधिकरण से टीएम (ट्रांसफर ऑफ मेमोरैंडम) भी करवा दिया गया। कुछ समय बाद संपत्ति पर नीलामी का नोटिस लगा देखा तो अशोक को फजीर्वाड़े की जानकारी हुई। उन्होंने मामले की शिकायत फेज वन थाने में की। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद मामला फेज वन थाने से साइबर क्राइम थाने ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनी। टीम ने ठगी और धोखाधड़ी में शामिल सेक्टर-46 निवासी जीशान अली को दबोच लिया। फजीर्वाड़े की रकम में से 50 लाख रुपए जीशान को मिले थे। जीशान ने पूरे फजीर्वाड़े और अपने साथियों की जानकारी पुलिस को दी है। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने लोगों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति से अगर आप कोई जमीन खरीद रहे हो तो उसकी जांच अवश्य कर लें। जमीन या लोन से संबंधित एनओसी आपको प्रदान की जाती है, तो एक बार उसकी जांच स्वयं जाकर संबंधित बैंक से अवश्य करा लेनी चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के साथ पुलिस लाइन सभागार में की गई बैठक

**त्योहारों, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता को लेकर की चर्चा।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।दिनांक 20.09.2025 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओं के साथ आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम, पशु तस्करी पर नियंत्रण तथा आम जन की शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से संबंधित विषयों पर पुलिस लाइन सभागार जनपद सोनभद्र में मीटिंग की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जनपद में पुलिस बल की प्रभावी तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा इंटेलिजेंस नेटवर्क को सक्रिय करने के लिए बोला गया।उन्होंने यह भी बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इसके लिए थाना स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया।महिला सुरक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि पिंक पेट्रोलिंग, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय किया गया है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके। साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में साइबर सेल को सुदृढ़ करने एवं साइबर जागरूकता अभियान भी चलाने हेतु बताया गया, ताकि लोग ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें। साथ ही, पशु तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अंतरजनपदीय सीमाओं पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे समाज में शांति, सौहार्द एवं जागरूकता फैलाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मीडिया और पुलिस मिलकर एक मजबूत सामाजिक तंत्र तैयार कर सकते हैं जिससे जनहित में बेहतर परिणाम मिल सकें।

# सेवा परमो धर्मा को चरितार्थ करेगी भारतीय जनता पार्टी

**17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा के माध्यम से दो अक्टूबर तक पार्टी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से सेवा परमो धर्मा को करेगी चरितार्थ**

**सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम**

**24 सितंबर तक चलेगा भाजपा का स्कूल व अस्पताल स्वच्छता अभियान**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का तमगा हासिल करने वाली भाजपा द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर जीरो सदस्यता से पुनः उत्साह पूर्ण वातावरण में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से जारी सेवा पखवाड़ा के माध्यम से दो अक्टूबर तक पार्टी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से सेवा प्रमुख धर्म को चरितार्थ करेगी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 17 से 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए वहीं अब 18 से 24 सितंबर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलेगा

23 सितंबर को विधानसभा स्तर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती अवसर पर अधिकतम सदस्यता दिवस मनाया जाएगा 2 अक्टूबर गांधी जयंती अवसर पर महात्मा गांधी की मूर्तियों की स्वच्छता माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ खादी उत्पाद खरीद अभियान चलाया जाएगा प्रधानमंत्री के जीवन उद्देश्य एवं देश की प्रगति में योगदान पर पत्र पत्रिका में लेख प्रस्तुत किए जाएंगे।

# आगामी नवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागिश शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की द्वारा संयुक्त रूप से आज कलेक्ट्रेट सभागार मे आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा पूजा लगाने वाले पांडालों, रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला के आयोजन तथा महाअष्टमी, नवमी और दशहरा पर्व को सकुशल जनपद में सम्पन्न कराये जाने व सम्पूर्ण जनपद में विधि एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गयी।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागिश शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण त्यौहारों पर शुद्ध पेयजल, जन स्वास्थ्य सुविधा,पार्किंग के साथ ही बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करते हुए पूरी तैयारी कर लें, ताकि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसके लिए सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाये।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से हिन्दू व मुस्लिम धर्मगुरूओं से वार्ता किया और त्यौहार को सकुशल मनाने के लिए आने वाले समस्याओं के सम्बन्ध में विचार- विमर्श किया गया, इस मौके पर धर्मगुरूओं द्वारा त्यौहार के दृष्टिगत समस्या जैसे सड़क, नाली व अन्य बिन्दुओं पर अपने- अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखा गया, उन्होंने सम्बन्धित क्षेत्रों के धर्मगुरूओं द्वारा दिये गये सुझाओं को तत्काल अमल में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अश्लील गाने न बजाये, मूर्ति विसर्जन के दौरान मादक पदार्थ का सेवन कदापि न किया जाये, मूर्ति निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई होने पर बिजली के खम्भे तार आदि में छू जाने की संभावना रहती है, जिस कारण से अनेकों प्रकार की घटनाएं हो जाती हैं, का विशेष ध्यान रखा जाये। डी0जे0 निर्धारित साउण्ड से अधिक तेज में न बजाया जाये, अश्लील व फुहड़ गाने न बजाये जायें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनावश्यक अफवाह या ट्वीट न किये जाये, आपत्ति जनक पोस्ट से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होती है तो उसके सम्बन्ध में प्रशासन को सूचना उपलब्ध करायें। सोशल मीडिया पर अनाधिकृत पोस्ट करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोहित यादव, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल सम्बन्धित थानों के सी0ओ0 व धर्मगुरूगण, न्याय सहायक सुरेश पाठक सहित अन्य सम्बन्धितगण व धर्मगुरूगण उपस्थित रहें।

**खास समाचार**

## पंप संख्या 10 की मोटर फूंकी पांच हजार की आबादी हलाकान

पिछले तीन दिन से ठप है जलापूर्ति

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या चार में पेयजल के लिए लगे नलकूप की मोटर फूंक जाने से पिछले तीन दिन से जलापूर्ति ठप है। वार्ड की करीब पांच हजार आबादी एक एक बाल्टी पानी को परेशान है।वार्ड संख्या 4 के दंगल मैदान में जलापूर्ति के लिए पंप संख्या 10 लगा हुआ है।इसी से वार्ड की करीब पांच हजार की आबादी को जलापूर्ति होती है। यह नलकूप पिछले तीन दिन से मोटर फूंक जाने से बंद है। जलापूर्ति ठप होने से लोग एक एक बाल्टी पानी को परेशान है। वार्ड के निवासी रामप्रकाश, अंकित, रविपाल सिंह, गुड्डू खान, शाकिरा खान, भूरा, लल्लू, महेश कुमार आदि ने बताया कि जलापूर्ति ठप होने से दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि नलकूप की मरम्मत कराई जा रही है। सोमवार सुबह से समयानुसार जलापूर्ति होगी।

## दबंग के दरवाजे से नहीं हटा अतिक्रमण शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे के वार्ड संख्या 16 विवेकानंद नगर निवासी ने कई मर्तबा शिकायत के बाद अतिक्रमण न हटाने की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी है। साथ ही कहा है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।वार्ड संख्या 16 के निवासी रामसरन तिवारी ने बताया कि उसकी गली के कोने में अशोक शिवहरे का मकान बना हुआ है। नगर पंचायत की ओर से पूरे रास्ते का अतिक्रमण हटवाकर सीसी मार्ग एवं नाली का निर्माण कराया गया लेकिन अशोक शिवहरे के दरवाजे का अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।इससे लोगों को आवागमन में मुश्किलें हो रही हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने जिलाधिकारी के अलावा समाधान दिवस में शिकायत की लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात बना हुआ है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आमरण अनशन को मजबूर होगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीडित की शिकायत मिल चुकी है।एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बंदी के परिजनों को भेजी आर्थिक मदद

प्रदेश अध्यक्ष ने भेजी आर्थिक मदद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। विगत दिनों सूरजपुर एवं कस्बे के दौरे में आए कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल में बंदी कैदियों की मौत के बाद सांत्वना प्रदान करने के उपरांत उनके परिजनों को अपने प्रतिनिधि से आर्थिक मदद भेजी है। साथ ही आश्वस्त किया है कि कांग्रेस उनके सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी।गत 18 सितंबर को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिले का दौरा करके सूरजपुर निवासी अनिल द्विवेदी एवं कस्बा निवासी डा. आलोक पालीवाल के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया था। इनकी मौत जेल के अंदर हुई थी। कस्बे में आने पर कस्बे के कपड़िया मुहाल निवासी हनीफ उर्फ गनी की पत्नी, बेटे, बहू ने भी प्रदेश अध्यक्ष से भेंट की थी और अवगत कराया था कि इलाज के अभाव में हनीफ की जेल में मौत हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि मंडल कोआर्डिनेटर देवेन्द्र पांडे ने पीड़ित परिवार से भेंट की और 20 हजार रुपये की मदद प्रदान करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके साथ है।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुनीत पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, जिला महासचिव महेश सिंह राणा, नगर अध्यक्ष मैयादीन अहिरवार, अजय पालीवाल, शेर खान, भगवान सिंह, वासुदेव, बृजभान सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति-चरण 5 का भव्य शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के पाँचवे चरण का आज दिनांक 20.09.2025 को जनपद सोनभद्र में भव्य शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के दिये गये निर्देश, इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/ट्रैफिक द्वारा पुलिस लाइन चुर्क सोनभद्र में तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 महिला सशक्तिकरण विशेष अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ जी के लाइव सम्बोधन सुना गया तथा शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को शसक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु दिनांक 20.09.2025 से 21.10.2025 तक की अवधि में विषेश अभियान के तहत मिशन शक्ति फेज-05 को नियमित सुचारू रूप से चलाया जायेगा ।

शुभारंभ के तहत निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया-

विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमः-

महिला थाना, एंटी रोमियो स्क्वॉड एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, वुमेन हेल्पलाइन (1090), डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), वूमेन पावर लाइन, महिला समाख्या आदि के बारे में जागरूक किया गया।

### महिला बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरण:-

महिला आरक्षियों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

### सामुदायिक सहभागिता:-

ग्राम पंचायतों, महिला स्वयं सहायता समूहों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें मिशन शक्ति से जोड़ा गया।

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम:-

युवतियों को साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं डिजिटल फ्रॉड से बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा ने कहा कि:-

मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक संकल्प है – हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त समाज देने का।पुलिस विभाग इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कस्बा सहित 120 स्थानों में विराजेगी मां दुर्गा , तैयारी पूर्ण

**सभी पंडालों में लगवाने होंगे सीसीटीवी कैमरे**

**समिति के साथ बैठक करते**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बा सहित थानाक्षेत्र में 120 स्थानों पर मां दुर्गा के नयनाभिराम पंडाल सजाए गए हैं। कस्बे में अकेले तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा विराजमान होगी। मूर्तियों का जलधारा में विसर्जन नहीं होगा। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। साथ ही प्रशासन द्वारा तय किए गए 17 बिंदुओं की व्यवस्था करके प्रशासन को बिंदुवार अवगत कराना होगा। पंडाल के आसपास महिला अपराध रोकने पर समितियां से सीधे जवाब मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर समिति पर भी विधिक कार्यवाही होगी। यह हिदायत सीओ सदर ने देवी प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान दी हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम थाने में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियां के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कस्बा सहित थाना क्षेत्र के गांव में अलग-अलग 120 स्थान पर दुर्गा प्रतिमाएं की स्थापना की सूचना लिखित तौर पर प्राप्त हुई है। अकेले कस्बे में तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो रही है। बैठक में आए सीओ सदर राजेश कमल ने कहा कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक पंडाल में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम कराए जाएं। शक्ति मिशन के तहत किसी भी पंडाल के आसपास महिला अपराध नहीं होने चाहिए। अगर किसी तरह के अपराध की पुष्टि होती है तो समितियों के सदस्यों को भी जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। इसलिए सुरक्षा के लिहाज से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए जाएं। नवरात्र के बाद सभी मूर्तियों का तालाब के अलावा भूमि विसर्जन ही होगा। जलधारा में नाव के माध्यम से कहीं भी विसर्जन नहीं किया जाएगा। साथ ही डीजे के ऊपर कोई भी व्यक्ति सवार नहीं होगा। पंडाल में विद्युत आपूर्ति में नंगे तार नहीं लगाए जाएंगे। बैठक का संचालन एमएल अवस्थी ने किया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, अशोक यादव ने विचार रखते हुए साफ सफाई, विद्युत कटौती आदि के मुद्दे उठाए। बैठक में अनिल परनामी,रामजी मिश्रा, ज्ञानेश दीक्षित, आशीष गुप्ता, राधे शुक्ला आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मां काली जी की निकली भव्य आगमन शोभायात्रा,उमड़ा जनसैलाब

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय, झाँसी। नगर के मुहल्ला पटकाना में विराजमान होने वाली गुरसरांय की ऐतिहासिक माँ काली जी की भव्य आगमन यात्रा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 सितंबर रविवार को बड़े ही उत्साहपूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण मां काली की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।इस दौरान धार्मिक नारों से आसपास का इलाका गुंजायमान बना रहा। शोभायात्रा में महिला श्रद्धालु भी काफी संख्या में शामिल थी।इस धार्मिक आयोजन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।ज्ञात हो कि प्रति वर्ष श्रद्धालु मिलकर माँ काली प्रतिमा की स्थापना श्रद्धा व भक्ति के साथ करते हैं। आगमन शोभायात्रा मे डी.जे, बग्गी, बैंड बाजे आदि की धुन में माँ काली जी की भव्य अगवानी को लेकर सभी भक्तजनों मे खासा उत्साह देखने को मिला। आगमन यात्रा को लेकर सभी महिलाओं ने अपने अपने घर के बाहर रंगोली बनाकर एवं पुष्प वर्षा कर माँ काली जी की भव्य अगवानी की। आगमन यात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।मां काली के जयकारे से पूरा नगर क्षेत्र गूंज उठा।वहीं डीजे पर युवाओं की टोली झूमती नजर आई।माँ काली जी की भव्य अगवानी रामनगर रोड़ से प्रारंभ होकर डी.आर सिंह तिराहा,पानी की टंकी,टीचर्स कॉलोनी,गांधीनगर होते हुए मुहल्ला पटकाना स्थित माँ काली जी प्रागंण मे विराम हुई। शोभायात्रा में मां काली की प्रतिमा के आगे-आगे श्रद्धालु सड़कों पर पानी छिड़क व पुष्प बिछाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत कर रहे थे।सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज बृजेश भार्गव,सूर्यकांत त्रिपाठी सहित मय फोर्स के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे। जय मां काली समिति पटकाना के अध्यक्ष पंडित सार्थक नायक ने बताया कि 22 सितंबर से माँ काली जी के भक्तगण दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर भाव-विभोर होंगे।आगमन शोभायात्रा में पुजारी अभिनव शास्त्री,उपाध्यक्ष गगन यादव,उपाध्यक्ष पंकज आर्या,उपाध्यक्ष सागर मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल,सदस्य सुरेंद्र अग्रवाल, पंकज आर्या,अनुज झां, हरिओम पांचाल,सोनू नामदेव, अमन यादव, बृजेश मिश्रा,सनी नायक ,राकेश कुमार ,मुकुल नामदेव,पुस्पेंद्र नामदेव, सजल अग्रवाल,हर्ष व्यास, राज सेन, हनी नामदेव,युवराज सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण और धर्म प्रेमी शामिल रहे।

# एसओपी की पुस्तिकाओं एवं सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश शीर्षांकित फोल्डर का किया गया विमोचन

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति-5.0 के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के एन0आई0सी0 सोनभद्र में उपस्थित जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा,मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, संजीव तिवारी, सहित उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों व महिलाओं द्वारा देखा और सुना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के 1663 थानों में महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को न सिर्फ सुरक्षा मुहैया कराना है, बल्कि उन्हें स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना भी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि-महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जो भी कार्य आवश्यक होगा, उसे पुलिस द्वारा पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश एक मूल उद्देश्य है, जिसके आधार पर विकसित उत्तर प्रदेश एवं विकसित भारत का स्वप्न पूरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अब गांव-गांव जाकर महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 के बाद हमारी सरकार ने नारी शक्ति, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलमबन की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के साथ मिलकर उल्लेखनीय कार्य किया है, हमारी सरकार ने महिला कल्याण विभाग के माध्यम से 26 लाख 34 हजार बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत आर्थिक सहयोग,35 लाख 30 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन, हिंसा से प्रभावित 4 लाख 39 हजार को क्षतिपूर्ति दिलाया है , साथ ही प्रभावी कार्य किए गए हैं और लगातार किये जा रहे हैं।हमने नारी सुरक्षा के लिए 1663 थानों में महिला शक्ति केंद्र,1664 थानों में एंटी रोमियो स्टैंड,44177 महिला पुलिस कर्मी की भर्ती, पुलिस ट्रेनिंग क्षमता 3000 हजार से बढ़ाकर 60 हजार की गई है,2025 में हुए पुलिस भर्ती में 60200 में से 12044 महिला पुलिस है। इसी प्रकार महिला विरुद्ध अपराध में न्यूनतम समय में दंड दिलाकर अपराध पर अंकुश लगाया गया है, 9513 मामलों में 12271 अपराधियों को सजा हुई जिसमें से 12 को मृत्युदंड,987 को आजीवन कारावास, 7817 को 10 वर्ष तक की सजा हुई है जबकि पूर्व की सरकार में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त रहता था। मुख्यमंत्री ने नारी स्वावलंबन की दिशा में सरकार के कार्य का भी उल्लेख किया, जिसमें बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, आशा, आंगनबाड़ी, कौशल प्रशिक्षण आदि द्वारा नारी स्वावलंबन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा महिला शक्ति केंद्र की एस0ओ0पी0 जारी की गई तथा केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं और महिलाओं के लिए चलाई गई योजना का बुकलेट भी जारी किया और समस्त अधिकारियों को इसे एक-एक नारी शक्ति के हाथों में पहुंचाने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारम्भ करते हुए प्रदेश की समस्त माताओं, बहनों व बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब हमारे प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में कार्य करने का अवसर मिलेगा

# पुलिस अधीक्षक द्वारा के राजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ क्राइम मीटिंग का आयोजन किया

**मीटिंग के दौरान दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।दिनांक 20.09.2025 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखना, लंबित मामलों का त्वरित निराकरण, और जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क के सभागार कक्ष में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ क्राइम मीटिंग का आयोजन की गयी। जिसमें सभी अनसुलझे मामलों और लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई, और इनके शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान देते हुए, निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए । गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी और साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहार (शारदीय नवरात्र, रामनवमी आदि) व अन्य घटनाओं की तैयारी के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रणनीति बनाई गई। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और साइबर अपराध, नशा मुक्ति आदि पर जनता को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं, जनता के साथ संवाद बनाए रखें, और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाएं। मीटिंग में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मानवता को शर्मशार करने वाली घटना, नवजात शिशु को जिन्दा जमीन में दफनाया गया

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।जुगैल थाना क्षेत्र में एक ममता को शर्मसार करने वाली हृदय विदारक घटना ने सभी को अचंभित कर दिया। हर कोई महिला को कोसता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल एक सफेद रंग की बोलेरो से कुछ लोग सवार होकर आए और चौरा स्थित बन्द पड़े बालू साइड के रास्ते के निकट बोलेरो वाहन को खड़ा किया और नवजात शिशु का पैदा होने का इंतजार करते दिखे जब प्रसूता ने नवजात शिशु को जन्म दिया।तो वैसे ही बोलेरो से एक महिला उतरी और नवजात शिशु की नली को महिला से अलग कर नवजात शिशु को ले जाकर खेत में मिट्टी से ढक दिया और तुरंत चोपन की तरफ बोलेरो लेकर फरार हो गए वाहन सवार। पहले तो लोग कुछ नहीं समझ पाए, लेकिन चरवाहे ने पास जाकर देखा तो हक्का बक्का रह गया। वही घटना के बाद मौके पर मौजूद दीपू यादव ने बताया एक बोलेरों आई जिसमे महिला और पुरुष मौजूद थे।बोलेरो खड़ा कर महिला जल्दबाजी में नवजात बच्चे को मिट्टी से ढक कर चली गई। जब तक हम लोग आते वह सब वाहन सहित फरार हो गए। घटना के बाद काफी लोग जुट गए। देखा गया तो नवजात जिंदा था, लेकिन आधे घंटे बाद मृत हो गया। बोलेरो सवार कौन थे इसकी जानकारी नहीं हो पाई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरी तफ्तीश करने के बाद नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

शारदीय नवरात्र विशेष

# आदिशक्ति की आराधना का महापर्व

जगत-जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना का वार्षिक महापर्व शारदीय नवरात्र का कल से शुभारंभ हो रहा है। पौराणिक काल से भारतीय जन मानस और संस्कृति में मां शक्तिस्वरूपा के पूजन की परंपरा आज भी बनी हुई है। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप, उनकी व्यापकता और उनके पूजन-भक्ति विधान पर यहां विस्तार से बता रहे हैं।





आवरण कथा

आचार्य गोविंद बल्लभ जोशी

सनातन हिंदू धर्म व्यक्तिवादी नहीं मानवतावादी धर्म है, जहां प्रकृति और परमब्रह्म का चिंतन-मनन निहित है। 'एको अहम बहु स्याम' (अर्थात मैं एक होकर अनेक हो जाऊं) की संकल्पना से प्रारंभ होकर जब एक परमब्रह्म को यह लगा मैं एक से अनेक रूपों में होना चाहता हूं, तब उन्होंने अपनी पराप्रकृति आदि शक्ति का आलंबन लेकर जगत की सृष्टि प्रारंभ की। तब जलचर, थलचर, नभचर जीवों की उत्पत्ति इस जग जीवन को अलंकृत करने लगी। वहीं अन्न और वनस्पति जगत ने सभी के योगक्षेम का दायित्व प्रारंभ किया। आशय यह है कि इन सभी की आधार चेतना शक्ति के रूप में परांबा जगज्जननी आदिशक्ति दुर्गा भवानी विद्यमान हुईं। इसी आदिशक्ति की प्रकृति- परमात्मा की पूजा-आराधना का व्रत पर्वोत्सव है शारदीय नवरात्र में नव दुर्गा का उपासना पर्व।

## चराचर की चैतन्यशक्ति

मां आदिशक्ति भगवती चराचर की चैतन्य शक्ति हैं, प्रकृति में चेतना भरने वाली शक्ति ही पराम्बा भगवती दुर्गा हैं।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

मां दुर्गा जगत-उत्पत्ति जगत-पालन और जगत-संहार का कारण हैं। संसार का सार तत्व ही दुर्गा हैं। इनके बिना यह जगत असार है।

सृष्टि स्थिति विनाशानाम् शक्ति भूता सनातनी

सदैव विद्यमान चेतना शक्ति के कारण ही मां आदिशक्ति को सनातनी कहा गया है। यही आदिशक्ति अनेक कारणों से संसार में अनेक रूपों में अवतरित होती हैं और संसार के बिगड़ते संतुलन को व्यवस्थित करती हैं। इसी कारण यह संसार की व्यवस्थापिका हैं। कभी प्रकृति के असंतुलन को ठीक करने हेतु, कभी आसुरी शक्तियों का संहार कर दैवीशक्तियों को जागृत कर बलवती बनाने को, तो कभी अपने भक्तों का आर्त दूर करने आदि अनेक कारणों से अपनी विविध शक्ति स्वरूपों में प्रकट होती हैं।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे
सर्वस्यार्त हरे देवि नारायणी नमोस्तुते।

## सौम्य के साथ रौद्रस्वरूपा

भवसागर से पार उतारने वाली होने के कारण इन्हें भवानी कहते हैं। मां का स्वरूप अतिसौम्य भी है तो अतिरौद्र भी है। सौम्य और सात्विक जनों की रक्षा हेतु मां दुर्गा रौद्र रूप धारण कर उन्हें आसुरी ताकतों से बचाती हैं और वात्सल्यमयी सौम्य स्वरूपा होकर भक्तजनों की रक्षा करती हैं।

अति सौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्मै नमो नमः।

वस्तुतः शुंभादि दैत्यों का संहार होने के बाद इंद्रादि देवताओं ने इसी प्रकार माता दुर्गा की स्तुति प्रार्थना की थी। जो जगदंबा देवताओं की रक्षा करने हेतु अवतरित हुईं, वह मनुष्यों का भय



क्यों नहीं हरण करेंगी, जो लोग इसी श्रद्धा-भक्ति से मां की आराधना करते हैं, उन्हें लौकिक सुख एवं पारलौकिक सुख दोनों प्राप्त होते हैं।

## सहज भक्ति भी है फलदायी

कलिकाल में तो उनकी सहज भक्ति ही फलदायी बताई गई है। शास्त्र कहते हैं कि 'कलौ चंडी विनायकौ' अर्थात कलिकाल में चंडिका एवं विनायक गणपति जी महाराज की उपासना तत्काल फलदायी है। आसुरी ताकतों एवं दुष्ट प्रवृत्तियों से मुक्त होने का यह एकमात्र साधन है। राष्ट्र एवम सनातनधर्म की रक्षा हेतु चंडी-विनायक आराधना बहुत महत्वपूर्ण है। इसीलिए उपासना क्रम में विनायक गणपति आराधना के बाद ही दुर्गापूजा उत्सव आता है। इसीलिए प्राचीन काल से ही राजा और प्रजा सभी दुर्गा-उपासना पर्व को नवरात्र महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने नवरात्र आराधना एवं विजयदशमी पूजन के बाद लंकाविजय की हुंकार भरी थी।

## नवरात्र पूजन विधि-विधान

भक्तजनों की सुविधा हेतु संक्षिप्त पूजा विधान इस प्रकार दिया जा रहा है ताकि आप अपने पूजास्थल पर नवरात्र आराधना कर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त कर सकें।

नित्य कार्यों से निवृत्त होकर गंगा-यमुना, कृष्णा, कावेरी, सिंधु, गोदावरी आदि नदियों का स्मरण करते हुए तीर्थ स्नान का पुण्य प्राप्त करने के बाद पूजा स्थान पर जाकर सर्वप्रथम सामग्री को व्यवस्थित कर स्वयं को केसरयुक्त रोली तिलक करें। फिर अखंडदीप जलाएं। तत्पश्चात स्वास्तिक बनाकर चौकी पर कलश स्थापित करें। कलश में हल्दी का एक टुकड़ा, एक सिक्का और आम-अशोक के पत्ते डालें। उनके ऊपर साबुत चावलों का भरा हुआ एक कटोरा, पूर्णपात्र के रूप में स्थापित करें। पूर्णपात्र में नारियल रखें। जटा नारियल का मुख ऊपर आसमान की ओर अथवा स्वयं की ओर करें। पुनः कलश को चारों ओर से लाल अथवा पीले वस्त्र से आच्छादित करें और उसे मौली से बांधना चाहिए। वहीं दो सुपारी रिद्धि-सिद्धि सहित श्री गणपति महाराज के रूप में स्थापित करें। उनके ऊपर कलावा का गोला, एक जोड़ा यज्ञोपवीत और दूर्वा रखकर हाथ जोड़कर कलश में सभी देवी-देवताओं के निमित्त पूजन प्रारंभ करें। सर्वप्रथम उन्हें आसन के निमित्त फूल अर्पित करें, फिर हाथ में फूल, रोली, अक्षत लेकर ध्यान लगाकर अर्पित करें। माता दुर्गा की प्रतिमा अथवा चित्र के समक्ष उनका आह्वान करें। दुर्गा जी की प्रतिमा के आगे कलश में ही गणपति, मातृका कलश वरुण, नवग्रह आदि का इस प्रकार पूजन करें। उन्हें चार बार आचमनी से जल समर्पित करें। इसका तात्पर्य यह है कि आप उनके चरण धो रहे हैं। हाथ से अर्घ्य दे रहे हैं। मुख में आचमनी करा रहे हैं और चौथी बार उनका सर्वांग स्नान करा रहे हैं। तत्पश्चात उन्हें वस्त्र अर्पित करें। वस्त्र के बाद तिलक करें। उन्हें धूप, दीप दिखाएं, फिर पंचमेवा लड्डू आदि प्रसाद चढ़ाना चाहिए। उसके बाद फल, तांबूल आदि अर्पित कर कुछ द्रव्य भेंट चढ़ाकर आरती करनी चाहिए।

इसके बाद प्रधान पूजा अर्थात नवदुर्गा पूजा भी इसी प्रकार पाद्य, अर्घ्य, आचमनी और सर्वांग स्नान, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, तांबूल आदि क्रम में रखें। भगवती दुर्गा के नौ के नौ रूपों का प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। जो दिन जिस स्वरूप का हो, उस स्वरूप की उस दिन विशेष पूजा करनी चाहिए। सायंकाल गाय के घृत अथवा तिल के तेल से उनकी भक्तिभाव से आरती कर पुष्पांजलि करनी चाहिए और हाथ जोड़कर इस श्लोक का उच्चारण करें-

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्रयंब्के गौरी नारायणी नमोस्तुते।

तत्पश्चात दोनों हाथ आस-पास की ओर उठाकर मां दुर्गा को शरणागत होते हुए कहें-

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे,
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणी नमोस्तुते।



इस प्रकार आप मां नवदुर्गा की आराधना कर सकते हैं। यदि संभव हो तो दुर्गा सप्तशती का पाठ करें या हिंदी अनुवाद पढ़ते हुए मां के नव स्वरूपों एवं चरित्रों को आत्मसात करें।

अष्टमी अथवा नवमी के बाद प्रत्येक भक्त परिवार को नवार्ण मंत्र से हवन कर मां को हलवा, पूड़ी, छोले का प्रसाद भोग लगाकर कन्या पूजन अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात भोज प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। *

# बंगाल की भव्य-पारंपरिक राजबाड़ी दुर्गा पूजा



भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजा

वैसे तो शारदीय नवरात्र में पूरे बंगाल में दुर्गा पूजा की छटा देखते ही बनती है। लेकिन वहां कुछ दुर्गा पूजाओं की परंपरा कई सदी पुरानी हैं। अपने में परंपरा, इतिहास और आस्था की त्रिवेणी समेटे इन दुर्गा पूजाओं में से कुछ पर एक नजर।

पर्व परंपरा / शिखर चंद जैन

हालांकि सनातन धर्म के सभी अनुयायी दुर्गा पूजा में पूरी श्रद्धा और उत्साह से सम्मिलित होते हैं, लेकिन बांग्ला भाषियों के लिए यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव होता है। इन दिनों बंगाल जगमगाती रोशनी और सुर्ख रंगों से सज जाता है। चारों तरफ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, नए कपड़ों, मोहक सजावट वाले थीम आधारित भव्य-विशाल पंडाल और उत्साह-उमंग भरा उत्सवी माहौल नजर आता है। लेकिन इन सबसे दूर कुछ अत्यंत पारंपरिक, कुलीन और राजघरानों की दुर्गा पूजाएं भी आयोजित की जाती हैं, जो विशुद्ध रूप से सात्विक वातावरण और रीति-रिवाजों से आयोजित की जाती हैं। ये घराने दशकों से और इनमें से कुछ तो सदियों से दुर्गा पूजा मनाते आ रहे हैं। कई राजबाड़ियां (घराने) आज भी अस्तित्व में हैं। पूजा के दौरान इनमें सम्मिलित होना आस्था के सागर में डुबकी लगाने जैसा अनुभव देता है।



**बागबाजार हलदरबाड़ी दुर्गा पूजा:** यह भी कोलकाता की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण दुर्गा पूजा की सूची में शामिल है। हलदरबाड़ी की दुर्गा प्रतिमा की पिछले 447 वर्षों से प्रतिदिन पूजा की जाती रही है। यह प्रतिमा बलुआ पत्थर से बनी है और लगभग 600 से 700 वर्ष पुरानी है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इसे बंगाल के पाल साम्राज्य के शासनकाल में निर्मित किया गया था। कुमारी पूजा, हलदरबाड़ी दुर्गा पूजा के मुख्य आकर्षणों में से एक है।

**भूकैलाश राजबाड़ी दुर्गोत्सव:** महाराजा जय नारायण घोषाल ने लगभग 300 साल पहले भूकैलाश राजबाड़ी में इस दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी, जो अब खिदिरपुर क्षेत्र में है। यहां पर महिषासुरमर्दिनी यानी मां दुर्गा की मूर्ति अष्टधातु से बनी है और देवी घोड़े के आकार के शेर पर सवार हैं।

**भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजा:** भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गोत्सव की शुरुआत वर्ष 1870 में हुई थी। इस पूजा की एक खासियत यह है कि इसकी प्रतिमा में महिषासुर, अंग्रेज सैनिकों की तरह कोट और पैंट पहनते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसे ब्रिटिश काल में सबसे पहले अंग्रेजों के विरोध में बनाया गया था। यहां यह परंपरा आज भी जारी है।

**बिष्णुपुर राजबाड़ी दुर्गापूजा:** इसकी शुरुआत लगभग 994 ईस्वी में हुई थी। यह पूरे बंगाल क्षेत्र की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजाओं में से एक है। इस पूजा को 'मृणमयी मां की



पूजा' के नाम से भी जाना जाता है। यहां दुर्गोत्सव की शुरुआत 15 दिन पहले ही हो जाती है। इस उत्सव के दौरान यहां माता रानी को सांकेतिक रूप से तोप की सलामी भी दी जाती है। नवमी के दिन गुप्त पूजा बंद कमरे में होती है।

**लाहा बारी दुर्गोत्सव:** यह वैष्णव परिवार महिषासुर वध को अहिंसक मानता है, इसलिए यहां मां दुर्गा का शांत रूप देखने को मिलता है। यह पूजा कितनी पुरानी है, इस पर विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वानों का कहना है कि भगवान प्राण कृष्ण लाहा ने लगभग 170 साल पहले यह पूजा सबसे पहले की थी, जबकि कुछ अन्य लोगों का मानना है



कि प्राण कृष्ण के पिता श्री राजीव लोचन लाहा ने लगभग 200 साल पहले इसकी शुरुआत की थी।

**मल्लिक बाड़ी दुर्गा महोत्सव:** यह कोलकाता की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजा में से है। भवानीपुर का मल्लिक परिवार के पूर्वज मुख्यतः वैष्णव धर्म का पालन करते थे। कहते हैं 15वीं शताब्दी ईस्वी में नवाब हुसैन शाह के समय से अब तक इस परिवार के सदस्य देवी दुर्गा की एक ही रूप में पूजा करते आ रहे हैं। ये वैष्णव धर्म का पालन करते हैं, इसलिए पूजा के पांच दिनों तक शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। *

## शोभा बाजार राजबाड़ी दुर्गा पूजा

**शोभा बाजार** राजबाड़ी के राजा नवकृष्ण देव ने 1757 में पहली बार यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया था। यहां प्राचीन रीति-रिवाजों के अनुसार दशभुजा की पारंपरिक पूजा की जाती है। यहां गैर-हिंदुओं को राजबाड़ी के बाहरी भाग में स्थित 'नाच घर' या नृत्य मंडप में विशिष्ट हिंदू पारिवारिक समारोह देखने को मिलता है। राजा नव कृष्ण देव ने इस दुर्गा पूजा की शुरुआत सभी धर्मों के लोगों को परिसर में प्रवेश की अनुमति देकर की थी। प्लासी के युद्ध के बाद, उन्होंने वॉरेन हेस्टिंग्स और लॉर्ड क्लाइव को भी इस भव्य पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। ऐसा कहा जाता है कि देवी दुर्गा, शाही महल के 'नाच घर' में बजने वाले मधुर गीतों को सुनने के लिए आती थीं।



गजल

गोविंद भारद्वाज



एक ऐसा ही शिफा उसने हमारा कर दिया,
बंद निगाहों से मेरी मां ने उतारा कर दिया।
थे जहां में आदमी हम भी बड़े ही काम के,
इश्क ने हमको यकीनन अब नकारा कर दिया।
छोड़ कर दुनिया चले आए उसी के पास हम,
बस निगाहों से जो उसने इक इशारा कर दिया।
थे कभी शबनम जमाने की निगाहों में अजी,
बेवफाई ने मगर उसको अंगारा कर दिया।
प्यार उसने भी किया था बेतहाशा ही मगर,
नाम बदनाम लेकिन क्यों तुम्हारा कर दिया?
अब चले तन्हा कमाई के लिए परदेश में,
इस कमाने की हवस ने बेसहारा कर दिया।
पास जब दौलत रही सब खास थे 'गोविंद' के,
मुफलिसी के दौर में सब ने किनारा कर दिया।

कहानी / भूपेंद्र भारतीय

आज के दौर में व्यवस्था तंत्र इतना भ्रष्ट हो चुका है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी आम आदमी इसमें उलझ कर कसमसाता रहता है। इर्द-गिर्द मौजूद दलाल भी इस भ्रष्ट व्यवस्था के पोषक बन जाते हैं। भ्रष्ट व्यवस्था के तंत्र में फंसे एक आम आदमी पर केंद्रित कहानी।

# चाय की गुमटी




आज सुबह से रुक-रुककर तेज बारिश हो रही थी। सितंबर माह का पहला सोमवार था, भादो की बरखा पूरे रंग में थी। तहसील के सामने वाली चाय की गुमटी में बैठा नयाराम तहसीलदार और पटवारी की बाट जोह रहा था। दोपहर की घड़ी आ गई थी। लग रहा था जैसे सूरज देवता बादलों के पार आराम कर रहे हैं। अब तक तहसील में कोई ज्यादा चहल-पहल नहीं हुई थी। सुबह से हो रही बारिश के कारण तहसील के आस-पास वाली दुकानें बंद थीं। बस कुछ ही लोग दिख रहे थे। नयाराम को अपने गांव से तहसील आए तीन घंटे बीत चुके थे। इन तीन घंटों में उसने दो चाय और आठ-दस बीड़ी पी ली थी। नयाराम अपने हल्के के पटवारी को भी निरंतर मोबाइल लगा रहा था, लेकिन पटवारी का सुबह से मोबाइल बंद आ रहा था। नयाराम दो-तीन बार तहसील के चपरासी से तहसीलदार और पटवारी के आने के बारे में पूछ चुका था। चपरासी का एक ही जवाब होता, 'साहब क्षेत्र में दौरे पर हैं, पता नहीं कब आएंगे।'

नयाराम के पिता की मृत्यु हुए करीब एक वर्ष से ऊपर हो गया था, लेकिन उसके पिता उसकी पुश्तैनी जमीन के कागजों में अब तक जिंदा थे। गुमटी में बैठे-बैठे उसे अपने 'जीसाहब' की बहुत सी बातें रह-रह कर याद आ रही थीं। नयाराम अपने पिता को 'जीसाहब' संबोधित करता था। बीड़ी का करीब आधा बंडल वह फूंक चुका था। मन बहलाने और समय काटने के लिए नयाराम के पास बीड़ी ही अंतिम साधन थी। चाय के लिए पैसे लगभग समाप्त हो चुके थे। आधे दिन से ऊपर का समय बीत चुका था। चाय की गुमटी वाले ने नयाराम की बेचैनी को देखकर उससे पूछा 'क्यों भाई, कब से बैठे हो? किसका इंतजार है? पटवारी-तहसीलदार या फिर किसी दलाल का...।'

नयाराम बोला, 'अरे भाई तहसीलदार, पटवारी दोनों की बाट देख रहा हूं। लेकिन देखो, आधा दिन से ऊपर हो गया है, अब तक किसी के दर्शन नहीं हुए। इतनी भी बारिश नहीं हो रही है कि तहसील ना आएं। सरकारी अधिकारी होकर कोई जिम्मेदारी नाम की भी चीज होती है, जनता जाए भाड़ में।' चाय वाला हल्की मुस्कान के साथ बोला, 'अरे भाई, यहां तो ऐसा ही चलता है। लगता है तुम्हें तहसील में काम-काज का ढंग पता नहीं है। यहां सीधे-सीधे काम करवाना श्रीहरि के दर्शन प्राप्त करने जैसा है भाई।'

नयाराम ने चाय वाले को अपना काम बताया कि पिता की मृत्यु के बाद पुश्तैनी जमीन का नामांतरण होना है। इस काम के लिए तहसीलदार, पटवारी से मिलने के लिए चक्कर पर चक्कर लगा रहा है। चायवाला नयाराम को एक और चाय देते हुए बोला, 'पहले शांति से यह चाय पी लो, फिर मैं तुम्हें बताता हूं तुम्हारा काम कैसे होगा।'

नयाराम ने चाय पीने के बाद एक और बीड़ी जला ली। इस बार उसने चाय वाले की ओर भी बीड़ी का बंडल बढ़ाया। चाय वाले ने भी उसमे से एक बीड़ी निकालकर जला ली। बीड़ी पीते हुए वह बोला, 'देखो भाई, आज का दिन तो तुम्हारा गया। अब साहब का आना मुश्किल है। लगता है साहब आज क्षेत्र के दौरे पर लंबे निकल गए हैं। तुम कल जल्दी आ जाना। मैं तुमको एक व्यक्ति से मिलवा दूंगा। वह तुम्हारा सारा काम बहुत आसानी से करवा देगा। बस तुम्हें थोड़ा खर्चा-वर्चा करना होगा।'

नयाराम पहले चौंका फिर उदास स्वर में बोला, 'लेकिन भाई कितना खर्चा होगा?'

चायवाला आहिस्ता से बोला, 'अरे, डरो मत। ज्यादा खर्चा नहीं होगा, तुम्हारा काम कम में ही हो जाएगा।'

नयाराम सोच में पड़ गया।

नयाराम की भाव-भंगिमा देखकर चाय वाला बोला, 'ज्यादा विचार मत करो, कल आराम से आओ, फिर बात करते हैं। अब गांव वापस जाओ, बारिश और ज्यादा हो सकती है। इस बार भादो अच्छा बरस रहा है।'

नयाराम एक नई उम्मीद के साथ अपने गांव को चलने के लिए उठा। उसने चाय वाले को चाय के लिए पचास का नोट दिया। चायवाला बोला, 'अरे भाई, कल करते हैं सारा हिसाब, आज रख लो यह नोट। अपने बच्चों के लिए बाजार से कुछ खाने की चीज ले जाना।'

नयाराम ने एक ओर बीड़ी जलाई और बोला, 'कल आता हूं।' फिर चाय वाले को राम-राम करके गांव जाने के लिए बाजार की ओर बढ़ गया। आज तहसील में उसका सारा दिन बेकार हो चुका था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गहन जीवनदृष्टि से उपजी कहानियां

अगर देखने की गहन दृष्टि हो तो रोजमर्रा के जीवन में हमारे आस-पास तमाम ऐसी घटनाएं और किरदार मिल जाएंगे, जिनसे कहानी की रचना की जा सकती है। वरिष्ठ कथाकार हरि भटनागर को इस कला में दक्षता हासिल है। इस बात की तस्दीक करती हैं कुछ समय पूर्व छपकर आए उनके कहानी संग्रह 'आपत्ति' की कहानियां। इस संग्रह में कुल जमा बारह कहानियां संकलित हैं। हर कहानी की भावभूमि और कथावस्तु, हमें जीवन के अनछुए या कहें कि प्रायः उपेक्षित किए जाने वाली छवियों से रूबरू कराती है। संग्रह की छोटी सी कहानी है 'मोहम्मद', जिसमें कथाकार ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि असहिष्णुता किस तरह से व्यक्ति की चेतना और संवेदना को नष्ट कर देती है। शीर्षक कहानी 'आपत्ति' अपनी तरह की अनोखी कहानी है, जिसमें एक सुअरिया की गतिविधियों और भाव भंगिमाओं से उसके मनोविज्ञान का विश्लेषण लेखक ने किया है। संग्रह की अन्य कहानियों में कहीं वे घर के आस-पास विचरते पक्षियों, जानवरों पर कहानी बुन लेते हैं तो कहीं वे दरवाजे पर लटकते ताले के इर्द-गिर्द भी कहानी गढ़ लेते हैं। कह सकते हैं कि इस संग्रह की कहानियों को पढ़ते हुए यह साबित होता है कि जहां कहानी जन्म लेने की संभावना बिल्कुल नजर नहीं आती, वहां भी लेखक ने कहानी को रचा और पूरी कसावट के साथ बुना है। *




**पुस्तक:** आपत्ति (कहानी संग्रह), **लेखक:** हरि भटनागर, **मूल्य:** 265 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली